रांची, सोमवार । 29 जून 2026 । वर्ष-27, अंक-147, पृष्ठ-12
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


## 1,042 नव चयनित इंटर एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों का

# नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधाकृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

29 जून, 2026 | अपराह्न 1:00 बजे
टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची



PR No. 383463 (School Education and Literacy) 2026-27

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड

# स्कूली खेलों में झारखंड को दो राष्ट्रीय सम्मान

● राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट आयोजन और खिलाड़ियों के विकास में योगदान के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को मिला सम्मान

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टीम को दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्कूली खेलों के क्षेत्र में झारखंड ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की वार्षिक आम बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय स्कूली खेलों के सफल आयोजन और खिलाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किए गए। झारखंड को पहला सम्मान "सराहना पुरस्कार" के रूप में मिला। यह पुरस्कार भारतीय स्कूली टीमों के राष्ट्रीय चयन ट्रायल, कोचिंग कैंपों के बेहतर आयोजन, प्रभावी समन्वय और युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया।

वहीं, झारखंड को 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के "सर्वश्रेष्ठ आयोजक में द्वितीय स्थान" का सम्मान भी प्राप्त हुआ। राज्य ने 35 में से 34.40 अंक हासिल कर उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान बनाया। यह पुरस्कार रांची में 13 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली साइकिलिंग (ट्रैक एवं रोड) अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 तथा बालक-बालिका शतरंज अंडर-14 प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए दिया गया। एसजीएफआई के मूल्यांकन में खिलाड़ियों के आवास, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था, खेल अधोसंरचना, तकनीकी संचालन, परिवहन व्यवस्था, स्वयंसेवकों के सहयोग और आयोजन प्रबंधन को उच्च स्तर का पाया गया। 27 जून को नई दिल्ली में आयोजित एसजीएफआई की वार्षिक आम बैठक में झारखंड की ओर से राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (खेल) धीरसेन सोरेंग और खेल कोषांग के चंद्रदेव सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया। सम्मान एसजीएफआई निदेशक दीपक कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन सहित खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों और आयोजन टीम को बधाई दी गई। झारखंड को मिले ये सम्मान राज्य में विकसित हो रही खेल संस्कृति, बेहतर आयोजन क्षमता और युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के प्रयासों की बड़ी उपलब्धि माने जा रहे हैं। यह सफलता आने वाले वर्षों में झारखंड को देश के अग्रणी स्कूली खेल राज्यों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# राजयोग ध्यान से मिलती है आंतरिक शक्ति और मानसिक शांति: डॉ पवन वर्णवाल

नवीन मेल संवाददाता



रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र, चौधरी बगान (हरमू रोड) में रविवार को डॉक्टर्स दिवस और चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) दिवस के पूर्व सप्ताह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों और चार्टर्ड एकाउंटेंटों ने आध्यात्मिकता, मानसिक शांति और जीवन मूल्यों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोचिकित्सक डॉ पवन वर्णवाल ने कहा कि राजयोग ध्यान चिकित्सकों को मानसिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ मरीजों के प्रति सहानुभूति, संवेदनशीलता और भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि तनावपूर्ण कार्य वातावरण में मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए ध्यान अत्यंत उपयोगी है।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमकुम विद्यार्थी ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक पेशे से जुड़े लोगों के लिए मानसिक शांति बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान में उन्हें विशेष शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ, जो जीवन और कार्य दोनों में संतुलन बनाए रखने में सहायक है। चार्टर्ड एकाउंटेंट संस्थान, रांची चैप्टर के चेयरमैन अनीश जैन ने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देती है। वहीं संस्थान के सचिव दिलीप कुमार ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजयोग का ज्ञान कठिन परिस्थितियों में भी व्यक्ति को आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास प्रदान करता है। रांची चैप्टर के उपाध्यक्ष विवेक खोवाल ने कहा कि आध्यात्मिकता व्यक्ति को निःस्वार्थ प्रेम, सकारात्मक सोच और श्रेष्ठ जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवनशैली समाज में बेहतर संबंधों और सकारात्मक वातावरण के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## शिक्षक दिवस पर विरोध प्रदर्शन करेंगे शिक्षक-कर्मी

**रांची।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इम्प्लाई फेडरेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन द्वारा निर्धारित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। इसी क्रम में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की ओर से शिक्षकों का लगातार हो रहे आर्थिक और मानसिक शोषण के विरुद्ध शिक्षक दिवस के दिन भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पुरानी पेंशन कैशलेस मेडिकल व चाइल्ड केयर लीव का लाभ लेने के क्रम में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों के सचिव, मुख्य सचिव और मंत्रीगण से मिलकर समाधान के लिए प्रयास किया जाएगा।

# सस्टेनेबल मार्केटिंग पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईएमई), कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सस्टेनेबल मार्केटिंग डिलीवरिंग वैल्यू' पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का रविवार को सफल समापन हुआ।

कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय 'सस-टेक इनोवेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के जरिए क्लाइमेट एक्शन से मार्केट इम्पैक्ट तक' था। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भारत सहित विदेशों के शिक्षाविद, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ, नीति निर्माता और विद्यार्थी हाइब्रिड मोड में शामिल हुए। तीन दिनों तक चली कॉन्फ्रेंस में सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी, जिम्मेदार मार्केटिंग और सतत विकास लक्ष्यों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कॉन्फ्रेंस के जनरल चेयर और एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि वर्तमान समय में सस्टेनेबिलिटी को केवल चर्चा तक सीमित रखने के बजाय शोध, नैतिकता और सामूहिक जिम्मेदारी के आधार पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन, नागरिकता जांच का विरोध

**रांची।** एसआईआर की गैर-लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। जहां सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और विरोध दर्ज कराया। इस दौरान चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि SIR के माध्यम से नागरिकता जांच की कोशिश की जा रही है, जिसे उन्होंने असंवैधानिक और लोकतंत्र विरोधी बताया। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि मतदाता सूची का ऑडिट ग्राम सभा और वार्ड सभा स्तर पर होना चाहिए, न कि केवल चुनाव आयोग के दफ्तरों में। उन्होंने हमारी पहचान, हमारा खतियान के नारे के साथ स्थानीय स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में प्रवीर पीटर, झारखंड सर्वोदय मंडल से अफजल अनीस कई संगठनों के प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 50 बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर, मिला प्रमाण पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बच्चों और युवाओं को सशक्त, अनुशासित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बारियातू में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हुआ। यह शिविर डांस वांस एकेडमी, बारियातू और उत्कल कराटे स्कूल (झारखंड शाखा) के संयुक्त तत्वावधान में फर्स्ट फ्लोर, जुलका कॉम्प्लेक्स, मेडिकल चौक, बरियातू, रांची में आयोजित किया गया था। दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आत्मरक्षा (सेल्फ डिफेंस), कराटे तकनीक, अनुशासन एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के गुर सीखे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी एवं 'रिलेशंस' के निदेशक श्री आशुतोष द्विवेदी ने सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण हर बच्चे और युवा के लिए आवश्यक है। कराटे केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देता, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का भी विकास करता है।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की बैठक

# गुरु पूर्णिमा की तैयारियों पर मंथन

● 19 जुलाई को स्वामी सदानंद जी महाराज का रांची आगमन

● 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर होगा भव्य धार्मिक आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ट्रस्ट द्वारा संचालित धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य विषय संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां रहीं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जुलाई को स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन पर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर गुरुजी का प्रवचन एवं श्री कृष्ण कथा का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें पूजा-अर्चना, गुरु वंदना, भजन-कीर्तन, सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण जैसे आयोजन होंगे। इसके अलावा 2 अगस्त को स्वामी सदानंद जी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# प्रियका बनीं इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 की 42वीं डिस्ट्रिक्ट असेंबली रांची के एक होटल में रविवार को हुई। इनर व्हील क्लब ऑफ पटना की प्रियका कुमार ने सत्र 2026-27 के लिए इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 (बिहार-झारखंड) की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन के रूप में पदभार ग्रहण किया। रश्मि गुप्ता ने एसी मेंबर, निभा मिश्रा ने वाइस चेयरमैन, नीता नारायण ने सचिव, विभा चरणपाहाड़ी ने कोषाध्यक्ष, नीलू अरोड़ा ने आईएसओ सोनल वर्मा ने एडिटर के रूप में पदभार संभाला।

# वरिष्ठ सदस्यों के सम्मान के साथ महेश नवमी संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** माहेश्वरी समाज द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव-2026 का समापन रविवार को समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान के साथ हुआ। 21 से 28 जून तक चले इस सात दिवसीय महोत्सव में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

महोत्सव के सफल आयोजन में सभा सचिव नरेंद्र लखोटिया के मार्गदर्शन में मुख्य संयोजक अंकुर डागा, सुरेश सारडा एवं सह संयोजिका सुमन बाहेती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रचार-प्रसार एवं मीडिया की जिम्मेदारी अशोक साबू और रश्मि मालपानी ने संभाली, जबकि अर्थ संग्रह का कार्य प्रभात साबू एवं हेमंत साबू ने किया। भोजन व्यवस्था राजेश सोमानी एवं श्याम सुंदर बिहानी द्वारा की गई।

समापन दिवस पर माहेश्वरी भवन में सुडोकू चैलेंज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें वंदना मारू ने प्रथम, सिद्धार्थ साबू ने द्वितीय और आकांक्षा साबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर हॉल में आयोजित एक मिनट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया।

**प्रेस वार्ता** — प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- मोदी सरकार के 12 वर्ष ऐतिहासिक और स्वर्णिम, सभी वर्गों का हुआ विकास

# हर वर्ग तक पहुंचीं जनकल्याणकारी योजनाएं : आदित्य

● "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" का संकल्प धरातल पर साकार हुआ है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पलामू में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक और स्वर्णिम बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" का संकल्प धरातल पर साकार हुआ है।

साहू ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान का संकल्प लिया था, जिसे बीते 12 वर्षों में प्रभावी ढंग से पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और इसी सोच के साथ देश आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य देशवासी मिलकर पूरा करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकवाद, नक्सलवाद और अराजकता का माहौल था, जबकि मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इन चुनौतियों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीबों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए साहू ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध करा रही है, लेकिन राज्य सरकार योजनाओं के क्रियान्वयन में विफल रही है।

## भाजपा के दावे झूठ का पुलिंदा : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए गए बयानों पर कड़ा पलटवार किया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने आदित्य साहू के दावों को पूरी तरह से झूठ का पुलिंदा और जमीनी हकीकत से परे बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केवल बयानबाजी का सहारा ले रहे हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि आदित्य साहू जिसे स्वर्णिम काल कह रहे हैं, वह असल में देश के युवाओं, किसानों और मध्यम वर्ग के लिए अंधकार काल साबित हुआ है।

## दृष्टिपात

### रांची में टीडीएस मेगा आउटरीच कार्यक्रम आज

**रांची।** आयकर विभाग (बिहार एवं झारखंड) की ओर से स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'टीडीएस मेगा आउटरीच प्रोग्राम-2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार को दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रांची के सीसीएल ऑडिटोरियम, दरभंगा हाउस (लोक भवन के सामने) में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, बिहार एवं झारखंड के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य टीडीएस से जुड़े नियमों, अनुपालन और करदाताओं की जिम्मेदारियों के प्रति व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है। आयकर विभाग ने इस अभियान को 'प्रारंभ पहल के तहत आयोजित किया है। कार्यक्रम में टीडीएस के सही अनुपालन, समय पर कर कटौती और जमा करने की प्रक्रिया, कानूनी प्रावधानों तथा करदाताओं की शंकाओं के समाधान पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। आयकर विभाग का मानना है कि बेहतर जानकारी और जागरूकता से कर अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे कर प्रणाली अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी। विभाग ने करदाताओं, सरकारी एवं निजी संस्थानों, ड्रॉइंग एंड डिस्बर्सिंग ऑफिसर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर सलाहकारों तथा टीडीएस से जुड़े सभी हितधारकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### हेमंत सरकार कर रही शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य की अनदेखी : राफिया

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य की हेमंत सरकार पर शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो चुकी है।



कहीं बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, तो कहीं समय पर स्कूल ड्रेस नहीं मिल रही है। हजारों विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति लंबित है और 7,500 से अधिक सरकारी विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। राफिया नाज ने कहा कि राज्य में 50 हजार से अधिक शिक्षक पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। यू-डायस के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड का छात्र-शिक्षक अनुपात राष्ट्रीय औसत से काफी खराब है। कई विद्यालयों में एक ही शिक्षक पांच कक्षाओं की जिम्मेदारी संभाल रहा है। ऐसे में शिक्षकों को एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) जैसे प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने से विद्यालयों में पढ़ाई और अधिक प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के हजारों विद्यालय आज भी पर्याप्त कक्षाओं, फर्नीचर, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार ने हर वर्ष पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन न तो शिक्षक नियुक्त हुए, न युवाओं को रोजगार मिला और न ही बेरोजगारी भत्ता दिया गया। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी समय पर नहीं मिल रही है।

### आदित्य साहू ने पलामू तो बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में मन की बात कार्यक्रम को सुना



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को हरमू स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित पूरे राज्य में अलग अलग स्थानों पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पलामू जिला अंतर्गत पोलपोल मंडल के बूथ संख्या 314 पर पोलपोल मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नालंदा की गौरवशाली ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि नालंदा केवल एक विश्वविद्यालय नहीं था, बल्कि भारत की ज्ञान, शोध और वैश्विक बौद्धिक नेतृत्व की पहचान था। नालंदा की विरासत हमें ज्ञान, नवाचार और शोध की संस्कृति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है तथा भारत को पुनः विश्व का ज्ञान केंद्र बनाने के संकल्प को मजबूत करती है। इस अवसर पर सांसद बी. डी. राम, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, बूथ अध्यक्ष सुशील सिंह सहित अन्य कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहे।

### रैपिडो चालक से लूटकांड का खुलासा दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में रैपिडो चालक से लूट की घटना का खुलासा किया है। साथ ही इस मामले में दो शातिर अपराधी को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के मुताबिक, 26 जून की रात करीब एक बजे बड़ा तालाब स्ट्रीट के पास लूट की वारदात हुई थी, जहां बदमाशों ने रैपिडो चालक जख्मी प्रताप कुमार उर्फ मुकेश (18) पर चाकू से हमला कर उसकी बाइक लूट ली थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पवन कुमार मिश्रा और केशव सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों पूछताछ और उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लूटी गई बाइक, घटना में प्रयुक्त स्टील का फोल्डिंग चाकू तथा एक-एक मोबाइल फोन बरामद किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और इनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार मिश्रा के खिलाफ रांची के विभिन्न थानों में लूट, चोरी और अन्य गंभीर धाराओं के तहत कई मामले पहले से दर्ज हैं। वहीं आरोपी केशव सिंह के विरुद्ध भी सुखदेवनगर, रातू और कोतवाली समेत विभिन्न थानों में लूट, चोरी, पॉक्सो तथा अन्य संगीन धाराओं में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एसआईआर के लिए कल से घर-घर फॉर्म देकर वोटरों का होगा सत्यापन

**रांची।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए रांची जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारी पूरी हो चुकी है। 30 जून से बीएलओ प्रत्येक मतदाता का सत्यापन गणना प्रपत्र के जरिये करेंगे। यह कार्य 29 जुलाई तक चलेगा। इसके लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया है। इसमें प्रशिक्षण के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया, समय-सीमा, गणना प्रपत्र के संधारण, घर-घर सत्यापन व निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक प्रत्येक मतदाता का सत्यापन गणना प्रपत्र के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित करेंगे, पूर्व मुद्रित गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा निर्धारित अवधि के भीतर मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों का संग्रह करेंगे। समुचित संधारण करते हुए प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे सत्यापन कार्य के दौरान बीएलओ को आवश्यक सहयोग दें।

रांची, सोमवार । 29 जून 2026 । वर्ष-27, अंक-147, पृष्ठ-12। www.rastriyanaveenmail.com
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. $34.2^0$ | अधिक. $33.5^0$ |
| न्यून. $24.6^0$ | न्यून. $22.0^0$ |

## दृष्टिपात

### ट्रेन में यात्रियों को पिस्टल दिखाकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**कोडरमा।** प्रयागराज से रांची जा रही एक ट्रेन में रविवार को पिस्टल लहराकर यात्रियों को धमकाने वाले एक युवक को कोडरमा स्टेशन पर जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्टल, मैगजीन में लोड छह कारतूस और अलग पाउच में 18 अन्य कारतूस बरामद किए गए। कार्रवाई जीआरपी ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग से की।

शेष पेज 09 पर..

### मुख्यमंत्री कार ड्राइव कर मौसम का आनंद उठाने पहुंचे जोन्हा फॉल

# झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है : हेमंत

- सीएम के साथ उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी थीं
- सोशल मीडिया पर साझा की हैं वीडियो और तस्वीरें

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को एक अलग अंदाज में नजर आए। वे मानसून के सुहाने मौसम का आनंद लेने के लिए स्वयं कार चलाकर राजधानी रांची से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोन्हा फॉल गए। उनके साथ उनकी पत्नी गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी थीं।

सफर के दौरान उन्होंने ड्राइविंग करते और गुनगुनाते हुए अपने वीडियो और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। ये वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। जोन्हा फॉल पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कुछ समय प्राकृतिक वातावरण के बीच बिताया। उन्होंने स्थानीय फलों का स्वाद लिया और वहां मौजूद लोगों से बातचीत भी की।

शेष पेज 09 पर..

### 'हमर सोना झारखंड, हमर हीरा झारखंड'

जोन्हा फॉल से मुख्यमंत्री ने एक रील भी साझा की है। इसके बैकग्राउंड में क्षेत्रीय गीत 'हमर सोना झारखंड, हमर हीरा झारखंड' बज रहा है। वीडियो में वह मुस्कुराते हुए लोगों से पूछते हैं- 'कैसा लग रहा है... ये जंगल... ये वादियां... ये हमारा झारखंड!' इस रील के साथ उन्होंने लिखा, 'यहां जंगल जीवन हैं, झरने संगीत हैं, हरियाली की गोद में बसता झारखंड अद्वितीय है।'

# नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता

झारखंड पुलिस को नशा के अवैध कारोबार और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। रांची में **4.3 किलो** अफीम, चतरा में **912 किलो** डोडा और लोहरदगा में **7.40 ग्राम** ब्राउन शुगर जब्त किया गया है। साथ ही, नशा के अवैध कारोबार करने वाले तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। राज्य की पुलिस नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। और, इसलिए नशा के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस अपना अभियान लगातार जारी रखे हुए है।

## लावालौंग में एक करोड़ रुपए का 912 किलो डोडा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

- तस्कर फरार, गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कर रही छापेमारी

**चतरा।** चतरा पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव से 912 किलोग्राम डोडा (पोस्ता भूसी) बरामद किया है। बरामद डोडा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी तस्कर जंगाली गंझू फरार हो गया। रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में आरोपी के घर से भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही, यह पता लगाया जा रहा है कि डोडा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी। एसडीपीओ ने कहा कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।




### लोहरदगा में ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लोहरदगा।** लोहरदगा थाने की पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री और सेवन की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलीनगर स्थित एक खाली मकान में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। उनके पास से जांच के बाद 7.40 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोबाइल फोन और 3,015 रुपए नकद बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान टोरी थाना क्षेत्र निवासी इसरोज अंसारी उर्फ हैदर (27 वर्ष) और हिरही बड़काटोली निवासी जावेद अंसारी उर्फ बिल्ला (25 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ लोहरदगा थाना कांड संख्या 89/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 17(बी), 21(बी), 22(बी) एवं 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रविवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस ने कहा कि आरोपियों के पास से ब्राउन शुगर के तीन बड़े और 20 छोटे पुड़िए, एक वीवो एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 3,015 रुपए नकद बरामद हुए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इसरोज अंसारी पर पूर्व से लोहरदगा थाना में मामला दर्ज है, जबकि जावेद अंसारी के खिलाफ लोहरदगा, पतरातू और कुडू थाना में चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं। यह छापेमारी सदर अंचलाधिकारी रामनारायण खलखो की उपस्थिति में की गई।






## रांची में 4.305 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार बाइक और मोबाइल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4.305 किलोग्राम अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सनिका मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से अफीम के अलावा एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। पुलिस अब इसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर कुमार पांडेय ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति तैमारा की ओर से बाइक पर अवैध अफीम लेकर रामपुर क्षेत्र में बेचने के उद्देश्य से आने वाला है।

सूचना के आधार पर नामकुम थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने रांची-टाटा मार्ग पर नामकुम और दशमफॉल थाना क्षेत्र की सीमा के पास राईसा नदी के निकट वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान तैमारा की ओर से आ रहे एक नीले रंग की मोटरसाइकिल सवार को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन वह बाइक घुमाकर वापस भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सनिका मुंडा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी बाइक में टंगे एक झोले से 4.305 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने अफीम, बाइक और मोबाइल फोन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि बरामद अफीम उसके खेत में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल से निकाली गई थी। उसने यह भी बताया कि वह पहले भी कई बार विभिन्न ग्राहकों को अफीम बेच चुका है और इस बार वह रामपुर में एक व्यक्ति को तयशुदा रकम पर अफीम की खेप पहुंचाने जा रहा था। पुलिस ने मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान शुरू कर दी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

## सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना



हेमंत सोरेन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है युवाओं को नशे के गिरफ्त से बचाना। राज्य सरकार नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चला रही है। सरकार की नशे के खिलाफ नीति 'नशे को ना, जिंदगी को हां' के मूल मंत्र पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों और अफीम की खेती पर सख्ती से अंकुश लगाना और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है। राज्य सरकार ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। साथ ही, 'नशा मुक्त झारखंड' के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें प्रचार-प्रसार वाहनों के जरिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में नशे की लत से बचाने के संदेश दिए जा रहे है।

## रिम्स की जमीन के अतिक्रमण मामले में बिल्डर साबू गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

- अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसीबी की टीम कर रही छापेमारी

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अपार्टमेंट निर्माण और बिक्री से जुड़े मामले में रविवार को बिल्डर शुभम साबू को गिरफ्तार कर लिया। शुभम साबू की कंपनी लकी ग्रुप पर रिम्स की सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर फ्लैटों की बिक्री करने का आरोप है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसीबी की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

जांच एजेंसी के अनुसार, लकी ग्रुप ने अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड क्षेत्र में कई बहुमंजिला अपार्टमेंट का निर्माण किया है, जबकि कुछ परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है। एसीबी अब कंपनी की भूमिका के साथ-साथ इस मामले में अन्य संबंधित व्यक्तियों और अधिकारियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।ज्ञात हो कि रिम्स की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर

शेष पेज 09 पर..

## कुख्यात सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया के पास मिला मोबाइल

**नवीन मेल संवाददाता**

- जेल में प्रवेश के दौरान ली गई तलाशी में मिले कई प्रतिबंधित सामान

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड के कुख्यात सुजीत कुमार सिन्हा की पत्नी एवं विचाराधीन कैदी रिया सिन्हा को रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से चाईबासा मंडल कारा स्थानांतरित किए जाने के बाद बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई है। जेल में प्रवेश के दौरान की गई तलाशी में उसके पास से मोबाइल फोन समेत कई प्रतिबंधित सामान बरामद हुए हैं। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिया सिन्हा को चाईबासा मंडल कारा लाया गया। जेल के महिला वार्ड में प्रवेश से पहले नियमानुसार उसकी गहन तलाशी ली गई। इस दौरान उसके कपड़ों में छिपाकर रखा गया मेटालिक रंग का रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन, चार टूटे हुए सिम कार्ड, वीवो कंपनी का मोबाइल चार्जर, बोट कंपनी का चार्जिंग एडॉप्टर तथा हस्तलिखित नोट्स से भरी एक कॉपी बरामद की गई।

शेष पेज 09 पर..

## रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में मानसून फिर सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**

- मौसम हुआ सुहावना बारिश ने दिलाई गर्मी और उमस से राहत

**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में रविवार दोपहर बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया। दोपहर के बाद आसमान में घने बादल छा गए और रिमझिम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया तथा लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची केंद्र ने रविवार को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर शेष अधिसंख्य जिलों में गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने संबंधित जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

मौसम विभाग ने यह भी पूर्वानुमान जताया है कि चार जुलाई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसको लेकर 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए लोगों से खराब मौसम के दौरान

शेष पेज 09 पर..

### झारखंड शराब घोटाला

## ईडी ने पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके बेटे को भेजा समन

- शराब कारोबार और उससे संबंधित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए की जा रही पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शराब घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और उनके पुत्र रोहित उरांव को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईडी ने रोहित उरांव को सोमवार (29 जून) को दिन में 11 बजे रांची स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। वहीं, रामेश्वर उरांव को मंगलवार (30 जून) को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

यह कार्रवाई योगेंद्र तिवारी से जुड़े शराब कारोबार और उससे संबंधित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में की जा रही है। ईडी इस मामले में विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है और इसी क्रम में दोनों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है।

इससे पहले जांच के दौरान ईडी ने योगेंद्र तिवारी से जुड़े शराब कारोबार मामले में तत्कालीन मंत्री रामेश्वर उरांव, उनके पुत्र रोहित उरांव तथा अन्य संबंधित लोगों के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी।

शेष पेज 09 पर..

### पल्स पोलियो अभियान — रांची की महापौर ने सदर अस्पताल से किया शुभारंभ, कहा

# स्वास्थ्यकर्मियों के प्रयास से देश हुआ पोलियो मुक्त

- झारखंड में 61 लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महापौर रोशनी खलखो ने रविवार को राजधानी रांची में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सदर अस्पताल से बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विमलेश कुमार सिंह सहित कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद महापौर रोशनी खलखो, विधायक सीपी सिंह और अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की मुख्य अतिथि महापौर रोशनी खलखो ने कहा कि भारत ने पोलियो मुक्त राष्ट्र बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए नियमित टीकाकरण और जनसहभागिता जरूरी है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही देश पोलियो मुक्त बन पाया है। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल के अलावा गांवों के स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से छूट न जाए। उन्होंने सदर अस्पताल में बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं की भी प्रशंसा की।

शेष पेज 09 पर..

### प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना जरूरी : डॉ प्रभात




सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में पिछले 14 वर्षों से पोलियो का एक भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने इसका श्रेय स्वास्थ्यकर्मियों की निरंतर मेहनत, प्रभावी टीकाकरण अभियान और जनसहभागिता को दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में सतर्कता बनाए रखना और प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे शून्य से पांच वर्ष तक के किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक से वंचित न रहने दें।

## दृष्टिपात

### धुर्वा डैम साइड में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र के डैम साइड इलाके में रहने वाले दीपक कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार आत्महत्या करने से पहले दीपक नशे की हालत में था। उसके रूम से नशा करने के लिए चिलम भी मिली है। हालांकि स्थानीय लोगों ने बताया कि कल तक उन्होंने दीपक को अच्छी हालत में घूमते फिरते देखा था, मगर आज जब उसके परिवार वाले उसके कमरे में गये, तो उसे फांसी के फंदे से झूलते देखा। खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। परिवार वालों ने बताया कि किसी तरह का कोई दबाव उस पर नहीं था, ना ही कोई परेशानी थी। पुलिस शव को अपना कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया कर रही है।

### एकांतवास में आज जाएंगे भगवान जगन्नाथ

**रांची।** श्री जगन्नाथ मंदिर समिति की ओर से सोमवार को भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की पवित्र स्नान यात्रा का आयोजन मंदिर परिसर में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान का विधिवत पूजन-अर्चन एवं 108 पवित्र कलशों के जल से महाभिषेक होगा। महाभिषेक के उपरांत सामान्य श्रद्धालुओं को भी भगवान का पवित्र स्नान कराने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मंदिर समिति ने इस अनुष्ठान में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि महिलाएं साड़ी तथा पुरुष धोती पहनकर आएं। सनातन परंपरा के अनुसार स्नान पूर्णिमा के दिन महाभिषेक के बाद भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा ज्वरग्रस्त होकर लगभग 15 दिनों तक एकांतवास में विश्राम करते हैं। इस अवधि में भगवान के सार्वजनिक दर्शन बंद रहते हैं तथा उनकी विशेष औषधीय सेवा की जाती है। इसके बाद नेत्रोत्सव (नेत्रदान) के अवसर पर भगवान पुनः भक्तों को दर्शन देते हैं और फिर विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा में अपने भक्तों के बीच नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

### बरनवाल सेवा ट्रस्ट का स्थापना दिवस मनाया गया




**रांची।** बरनवाल सेवा ट्रस्टका वार्षिक स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के लगभग 150 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि साईनाथ यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ एसपी अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष टीपी बरनवाल ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने ट्रस्ट द्वारा विगत वर्ष के दौरान शिक्षा, समाजसेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर बरनवाल सेवा ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा ट्रस्ट की वार्षिक पत्रिका 'स्पंदन-8' का लोकार्पण किया गया।

## आज कल




### शमशेर नामक व्यक्ति को गोली मारकर घायल करने का आरोप

# नामकुम फायरिंग केस का फरार आरोपी खालिद बंगाली गिरफ्तार

- कुटियातु स्थित 89-आर्मी ग्राउंड के पास छापेमारी में गिरफ्तारी
- आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद
- पूछताछ में शमशेर पर फायरिंग की बात स्वीकार की




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिला पुलिस ने शातिर अपराधी खालिद बंगाली को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। 10 जून को खालिद ने शमशेर नामक एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दिया था और उसके बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किया गया है।

#### 10 जून को की थी गोलीबारी

10 जून को रांची के नामकुम में अंजुमन इस्लामिया नूरिया महापंचायत के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम के बेटे शमशेर पर फायरिंग करने वाला अपराधी खालिद बंगाली गिरफ्तार कर लिया गया है। रांची के हेडक्वार्टर डीएसपी-1 अमर पांडेय ने बताया कि पुलिस की टीम अड्डाबाजी की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी, जहां से खालिद पकड़ा गया।

असल में पुलिस को सूचना मिली थी कि नामकुम क्षेत्र में कुटियातु के पास स्थित 89-आर्मी ग्राउंड के पास कुछ अपराधकर्मी बैठकर अड्डाबाजी कर रहे हैं, साथ ही किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन के बाद आवश्यक कार्रवाई के क्रम में जैसे ही छापामारी दल कुटियातु स्थित 89-आर्मी ग्राउन्ड पहुंची तो देखा गया कि 02 व्यक्ति पुलिस बल को देखकर अलग-अलग दिशा में दौड़कर भागने लगे।

पुलिस बल के द्वारा घेराबंदी की गई तथा खदेड़कर 01 व्यक्ति को पकड़ा गया, पर दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़ाये गये शख्स से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मो० खालिद उर्फ खालिद बंगाली उर्फ चूजा बताया। छापामारी दल द्वारा पकड़ाये व्यक्ति की विधिवत तलाशी लिये जाने पर उसकी कमर में खोसा हुआ 01 लोडेड देसी कट्टा बरामद हुआ एवं पहने हुए पैंट की जेब से एक जिंदा गोली बरामद किया गया।

#### जमीनी रंजिश में शमशेर को मारी थी गोली

डीएसपी हेडक्वार्टर 1 ने बताया कि अपने स्वीकारोक्ति बयान में खालिद ने यह बताया है कि दिनांक-10.06. 26 को संध्या में नामकुम थानान्तर्गत सामलौंग स्थित अराफात अपॉर्टमेन्ट के पास पूर्व के आपसी रंजिश में मो. शमसेर आलम को गोली मारकर जख्मी कर दिया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए भागा फिर रहा था। जिस संबंध में इसके एवं अन्य सहयोगियों के विरूद्ध नामकुम थाना में कांड दर्ज किया जा चुका है। पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अपराधकर्मी मो० खालिद के द्वारा शमशेर एवं उसके पिता सउद आलम के साथ पूर्व के जमीनी विवाद चल रहा था। इसी वजह से उसने शमशेर पर फायरिंग की थी। बता दें कि दिनांक-10.06.26 को सामलौंग में नामकुम में मो० शमशेर पर हुई गोलीबारी की घटना में संलिप्त अपराधकर्मी सद्दाम उर्फ टीपु और मो० ईरशाद आलम को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

### सीसीएल की 'स्वच्छता ऑन कैनवास' प्रतियोगिता

## विद्यार्थियों ने रंगों से दिया स्वच्छ भारत का संदेश

- 30 विद्यालयों के 180 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत "स्वच्छता ऑन कैनवास" चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स, डोरंडा में आयोजित इस प्रतियोगिता में रांची के 30 विद्यालयों के 180 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "स्वच्छ भारत-हरित भारत", "मेरा स्वप्न स्वच्छ भारत", "स्वच्छता ही सेवा", "स्वच्छ सड़कें-स्वस्थ जीवन" और "स्वच्छता ईश्वर के निकट है" जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। बच्चों की चित्रकृतियों में स्वच्छ एवं हरित भारत की कल्पना के साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनशीलता देखने को मिली। कार्यक्रम में सीसीएल के सीएसआर विभाग से पूजा प्रसाद और चंदन कुमार (प्रबंधक, सीएसआर) उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की कलाकृतियों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मक प्रतिभा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता की सराहना की। सीसीएल अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने में बच्चों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच और व्यवहार परिवर्तन लाया जा सकता है। इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती हैं। प्रतियोगिता के चार आयु वर्गों में विजेताओं की घोषणा की गई। ग्रुप-ए में प्रशांत रजवार, ग्रुप-बी में विवान शौर्य, ग्रुप-सी में आर्यन मालाकार तथा ग्रुप-डी में भूमिका दत्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं रंग सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के निदेशक एवं कलाकार धनंजय कुमार सहित सभी शिक्षक एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे। 16 जून से 30 जून 2026 तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित यह कार्यक्रम स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

## अमरनाथ यात्रा पर 82 श्रद्धालु रवाना




- पहाड़ी मंदिर से तिलक एवं अंगवस्त्र के साथदी गई श्रद्धालुओं को विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रांची से श्रद्धालुओं का पहला जत्था रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ पहाड़ी मंदिर से रवाना हुआ। 82 श्रद्धालुओं का यह दल पहले मुरी पहुंचेगा, जहां से ट्रेन के माध्यम से जम्मू के लिए प्रस्थान करेगा। यात्रा दल का नेतृत्व मनोज कुमार जायसवाल कर रहे हैं, जो लगातार 34 वर्षों से बाबा अमरनाथ की यात्रा कर रहे हैं। यात्रा से पूर्व रांची महानगर मंत्री शुभम कुमार जायसवाल ने श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नयन कुमार सिन्हा, उपमहापौर नीरज कुमार, शैलेश जायसवाल, अविनाश कुमार उर्फ मुन्ना, श्रवण सिन्हा, विकास वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं का पूर्व पंजीकरण नहीं हो सका है, उनका पंजीकरण जम्मू में कराया जाएगा। इसके बाद 3 जुलाई को यात्रा दल अमरनाथ गुफा के लिए रवाना होगा और 6 जुलाई को बाबा बर्फानी के पवित्र हिमलिंग के दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेगा। अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालु श्रीनगर स्थित खीर भवानी मंदिर, जम्मू के रघुनाथ मंदिर, माता वैष्णो देवी धाम तथा अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में भी दर्शन-पूजन करेंगे। वापसी के बाद देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम, बाबा बासुकीनाथ तथा पश्चिम बंगाल के तारापीठ मंदिर में भी पूजा-अर्चना का कार्यक्रम निर्धारित है।

### मारवाड़ी कॉलेज में "माई भारत" पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के एनएसएस यूनिट-2 द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता निर्माण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "माई भारत" विषय पर ऑनलाइन जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 121 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं स्टूडेंट्स लीडर रिप्रेजेंटेटिव यति झा ने विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल से जुड़ने, पंजीकरण प्रक्रिया, लॉगिन करने तथा विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माई भारत युवाओं को प्रशिक्षण, कौशल विकास, नेतृत्व निर्माण और सामाजिक सेवा के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराता है।

## झारखंड क्षत्रिय महासंघ कमेटी गठित, जितेंद्र सिंह बने प्रदेश अध्यक्ष

- जल्द ही जिला कमेटी का भी गठन किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड क्षत्रिय महासंघ की ओर से रविवार को नेवरी विकास स्थित परिसर में समीक्षात्मक बैठक हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से महासंघ की कार्यकारी कमेटी का गठन करते हुए जितेंद्र सिंह को झारखंड क्षत्रिय महासंघ का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावे बैठक में राधाचरण सिंह को उपाध्यक्ष, हरिशंकर सिंह को सचिव, मनोज सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी, कुलेश्वर राय को कोषाध्यक्ष तथा अभिनय सिंह, शिव नारायण सिंह उर्फ शिबू सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह, रामप्रवेश सिंह और मुरारी सिंह को संरक्षक सहित विभिन्न जिला प्रखंडों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गई।

इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को संगठित एवं मजबूत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। राजपूत समाज को एक माला में बांधकर संगठित करना है।

उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने घोषणा की कि महासंघ की गठित कमेटि राजपूत समुदाय की हर समस्या पर गांव-गांव जाकर समस्याओं का निदान करेगी। जल्द ही जिला कमेटी का भी गठन किया जाएगा, ताकि समाज की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन विकास हॉस्पिटल के सीएमडी राधाचरण सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती वर्तमान समय की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विकास के लिए कार्य करना होगा। बैठक में समाज के हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

## रांची रोड रनर्स की ओर से सामूहिक दौड़ का आयोजन, फिटनेस को बनाया जन आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राजधानी रांची के सक्रिय रनिंग ग्रुप रांची रोड रनर्स ने रविवार को अपनी पहली वर्षगांठ उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य एकत्र हुए और सामूहिक दौड़ के साथ फिटनेस, अनुशासन के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

#### सबसे सक्रिय रनिंग समुदाय के रूप में बनाई पहचान

करीब एक साल पहले ग्रुप कैप्टन सैकत चौधरी (सेवानिवृत्त) की पहल पर शुरू हुए रांची रोड रनर्स ने बहुत कम समय में शहर के सबसे सक्रिय रनिंग समुदाय के रूप में अपनी पहचान बनाई है। आज इस समूह से विभिन्न आयु वर्ग के सैकड़ों लोग जुड़े हुए हैं। इसमें विद्यार्थी, युवा, पेशेवर, वरिष्ठ नागरिक, रक्षा सेवाओं के पूर्व अधिकारी, चिकित्सक, शिक्षक, उद्यमी और गृहिणियां भी शामिल हैं। समूह का उद्देश्य केवल दौड़ना नहीं, बल्कि लोगों को नियमित व्यायाम, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।

#### नये सदस्यों को अभियान में जोड़ने का संकल्प

वर्षगांठ समारोह के दौरान सदस्यों ने पिछले एक साल की उपलब्धियों को साझा किया। इस दौरान उन धावकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैराथन तथा रनिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रांची का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में नए सदस्यों का स्वागत किया गया और सभी ने भविष्य में अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। जागरूकता दौड़ का आयोजन

रांची रोड रनर्स नियमित रूप से शहर के अलग-अलग मार्गों पर मॉर्निंग रन, एंड्योरेंस रन, फिटनेस सेशन और जागरूकता दौड़ का आयोजन करता है। समूह समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में भी भाग लेता है और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास करता है। समूह के संस्थापक ग्रुप कैप्टन सैकत चौधरी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि रांची रोड रनर्स का उद्देश्य केवल एक रनिंग क्लब बनाना नहीं है बल्कि एक ऐसा समुदाय तैयार करना है, जहां लोग एक-दूसरे को बेहतर स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करें।

### राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस आज

## पारदर्शी आंकड़े राष्ट्र निर्माण का आधार : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय



सर्राफ ने कहा है कि राष्ट्रीय सांख्यकी दिवस भारत में प्रत्येक वर्ष 29 जून को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के महान सांख्यिकीविद् एवं वैज्ञानिक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2007 में भारत सरकार द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य सांख्यिकी के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा नीति-निर्माण, विकास योजनाओं और सुशासन में विश्वसनीय आंकड़ों की भूमिका को रेखांकित करना है।सांख्यिकी किसी भी राष्ट्र के विकास की आधारशिला मानी जाती है। किसी देश की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग तथा रोजगार संबंधी योजनाओं का निर्माण विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर ही किया जाता है। सटीक और प्रमाणिक आंकड़े सरकार को योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने, संसाधनों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता प्रदान करते हैं।प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने भारत में आधुनिक सांख्यिकी को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने महालनोबिस दूरी जैसी महत्वपूर्ण सांख्यिकीय अवधारणा विकसित की तथा बड़े पैमाने पर नमूना सर्वेक्षण की वैज्ञानिक पद्धति को लोकप्रिय बनाया।

### बीआरपी-सीआरपी संघ की चिंतन बैठक

**रांची।** बीआरपी-सीआरपी एसएस संघ, झारखंड प्रदेश की केंद्रीय कमेटी की चिंतन बैठक रविवार को हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया और बीआरपी-सीआरपी कर्मियों से जुड़े विभिन्न सेवा संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से मांग की गई कि बीआरपी-सीआरपी कर्मियों को सेवा नियमावली के अनुरूप मानदेय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा विभाग द्वारा जीवन बीमा को लेकर जारी पत्र पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि कर्मियों की जमा राशि पर मिलने वाला लाभ संतोषजनक नहीं है। संघ ने इस मामले में विभागीय स्तर पर आवश्यक संशोधन कर कर्मियों के हितों की रक्षा करने की मांग की। 21 वर्षों से संविदा पर कार्यरत बीआरपी-सीआरपी कर्मियों को अर्जित अवकाश, महंगाई भत्ता तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं से वंचित रखे जाने पर भी चिंता जताई गई।

## संगोष्ठी

### उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

# एआई तकनीक के उपयोग पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

- विकसित भारत के निर्माण के लिए एआई, कंप्यूटर और मोबाइल तकनीक जरूरी: डॉ जंग बहादुर पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज, केदल, रांची में आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को सफल समापन हुआ। संगोष्ठी का मुख्य विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और इसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने एआई तकनीक के महत्व पर अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ) संजय भुईया, एचओडी शिक्षा विभाग, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्तमान पीढ़ी के लिए तेजी से विकसित होती तकनीक है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राचीन शिक्षा पद्धति को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्र भूषण शर्मा, कुलपति विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने कहा कि एआई कोई जादू नहीं बल्कि मानव द्वारा विकसित सोचने की क्षमता है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान का विस्तार करने और पाठ्यपुस्तकों के अध्ययन के साथ तकनीकी ज्ञान हासिल करने का आह्वान किया। रिसोर्स पर्सन डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने बताया कि एआई डेटा, एल्गोरिदम और तार्किक प्रणालियों पर आधारित तकनीक है, जो आज हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। वहीं डॉ. जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को एआई, कंप्यूटर और मोबाइल तकनीक का ज्ञान होना आवश्यक है। संगोष्ठी में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े विशेषज्ञों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से भाग लिया तथा शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव संतोष महतो, निदेशक राजेश कुमार कण्डरवार, प्राचार्य डॉ. चंदन कुमार पंकज सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिताली चटर्जी एवं सपना भारती ने किया।

## हरिदेव सेवा संघ ने 125 जरूरतमंदों को कराया भोजन



**रांची।** "नर सेवा ही नारायण सेवा" और "सेवा परमो धर्मः" के आदर्श को आत्मसात करते हुए हरिदेव सेवा संघ ने रविवार को नेज़ाम नगर, हिंदपीढ़ी में लगभग 125 जरूरतमंद बच्चों एवं लोगों के बीच निशुल्क भोजन वितरण किया। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाकर मानवता और इंसानियत का संदेश देना था। भोजन में चावल, पकौड़ी वाली कढ़ी, सलाद एवं चिप्स परोसे गए। आयोजन के दौरान कई ऐसे परिवार भी शामिल हुए, जिनके लिए दिन में भरपेट भोजन मिलना भी कठिन होता है और जिन्हें अधिकांश दिनों में केवल एक समय का ही भोजन नसीब होता है। संस्था के अध्यक्ष संजीत साहू ने बताया कि स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता फातिमा खातून के आग्रह पर हरिदेव सेवा संघ ने पहली बार मुस्लिम समाज के बीच इस प्रकार का सेवा कार्य आयोजित किया।

### मुहर्रम जुलूस में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता

# अखाड़ों ने लाठी, तलवार व भाले के साथ रोमांचक करतब दिखाए

● अतिथियों ने पारंपरिक लाठी-तलवार भांजकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया

नवीन मेल संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड मुख्यालय के बाजारटांड़ में रविवार को सेंट्रल मुहर्रम एक्शन कमेटी के तत्वावधान में मुहर्रम पर पारंपरिक जुलूस, मेला और अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। सोंस, मदरसा, सिलगाई, मसमानो, बदरी, चटवाल, कटैया, पकरियो समेत कई गांवों के अखाड़ों ने लाठी, तलवार और भाले के साथ रोमांचक करतब दिखाए। खिलाड़ियों के शौर्य और अनुशासन ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा कमेटी अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जुल्फान अंसारी ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने पारंपरिक लाठी-तलवार भांजकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत सत्य और न्याय के लिए सर्वोच्च बलिदान है। उनका जीवन अन्याय के आगे न झुकने की प्रेरणा देता है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मुहर्रम त्याग, सब्र और भाईचारे का संदेश है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करते हैं। इस मौके पर अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुखिया शिव उरांव, डीएसपी राम नारायण चौधरी, मोहम्मद मोजिबुल्लाह, अब्दुल्लाह अंसारी, इरशाद खान, ग्यास, जुल्फेकार अंसारी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और भाईचारे का संगम दिखा।

## भरत तिवारी मुठभेड़ के विरोध में मार्च निकाला

**रांची।** बिहार में भरत भूषण तिवारी के मुठभेड़ के विरोध में राष्ट्र धर्म रक्षा मंच के सदस्यों ने रविवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक न्याय मार्च निकाला और मुठभेड की जांच की मांग की। अलबर्ट एक्का चौक पर सदस्यों ने कहा कि फर्जी मुठभेड़ में शहीद हुए भरत भूषण तिवारी को न्याय मिलना चाहिए। संगठन के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने कहा कि भरत भूषण तिवारी जैसे युवक की प्रशासनिक हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि भूषण की हत्या राजनीतिक कारणों से हुई है। यह युवक हमेशा दलितों, पिछड़ों के विस्थापन और पुनर्वास की लड़ाई लड़ रहा था। उसकी आवाज को हमेशा के लिए दबाने के लिए यह किया गया है। अमृतेश पाठक ने मुंडन संस्कार कर भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवानिवृत्त कैप्टन टीके तिवारी ने कहा कि सच्चे समाजसेवी और देशभक्त युवा को अपराधी और पागल करार दिया जा रहा है।

## खलारी के बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'



**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रखंड के लगभग सभी 60 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 135वें एपिसोड को सुना। प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम सुनने के दौरान कार्यकर्ताओं की तस्वीरें संबंधित ऐप पर अपलोड की गई। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन में आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी रक्षा क्षमता, प्राकृतिक खेती, खेलों को बढ़ावा तथा ईंधन बचत और जनभागीदारी जैसे विषयों पर व्यक्त विचारों की सराहना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को खेल और फिटनेस अपनाने तथा किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने का संदेश भी दिया। 'मन की बात' का प्रसारण सुनने वालों में मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, अरविन्द सिंह, फुलेश्वर महतो, सरस्वती देवी, राजेन्द्र रजक, भरत रजक, श्यामसुन्दर सिंह, शत्रुंजय सिंह, रामसूरत यादव, राजू गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद गुप्ता, शि मो. जफरूद्दीन अंसारी, राधेश्याम प्रसाद, नागदेव सिंह, कमलेश महतो, किरण देवी, ममता देवी, सरोजिनी देवी, दीपशिखा देवी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीआईएसएफ की सतर्कता से डीजल चोरी की कोशिश नाकाम



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र की पीएलआर (PLR) माइंस में औद्योगिक सुरक्षा एवं राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा को लेकर तैनात सीआईएसएफ जवानों ने सतर्कता का परिचय देते हुए डीजल चोरी की एक कोशिश को विफल कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके से दो जर्किन में रखा करीब 75 लीटर डीजल बरामद किया गया, जबकि आरोपी अंधेरे और जवानों की सक्रियता का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह सीआईएसएफ की क्विक रिस्पांस टीम (QRT) एवं आसूचना शाखा के सदस्य सहायक उप निरीक्षक किशन दास नियमित गश्ती एवं निगरानी अभियान पर थे। इसी दौरान पीएलआर माइंस क्षेत्र में एक संदिग्ध दुपहिया वाहन दिखाई दिया। वाहन चालक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर जवान उसकी ओर बढ़े। सीआईएसएफ को अपनी ओर आता देख चालक दो जर्किन में रखा डीजल छोड़कर वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों ने क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें दो जर्किन में रखा लगभग 75 लीटर डीजल बरामद किया गया। बरामद डीजल को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित सीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है। घटना की सूचना सीसीएल प्रबंधन एवं सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दे दी गई है। सीआईएसएफ अधिकारियों ने बताया कि सीसीएल क्षेत्र में डीजल एवं कोयला चोरी जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार गश्ती, निगरानी और विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। सीआईएसएफ कमांडेंट अमित कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीसीएल क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

### बहेरा में मुहर्रम सद्भावना मेला में दिखा भाईचारे का संदेश

# इमाम हुसैन की शहादत से प्रेरणा लेने का किया आह्वान





● लाठी खेल प्रतियोगिता ने बांधा समां, अखाड़ा टीमों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

नवीन मेल संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत बहेरा खेल मैदान में रविवार को मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा दलों ने पारंपरिक लाठी खेल, तलवारबाजी एवं युद्धकला से जुड़े रोमांचक करतब प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में जुटे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामुमो सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा थे। विशिष्ट अतिथियों में पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल तथा भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष रामलाल महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने की, जबकि संचालन सलीम जावेद ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पगड़ी पहनाकर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर तथा पारंपरिक लाठी खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए अखाड़ा दलों ने अनुशासन, साहस और पारंपरिक युद्धकला का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान खेल मैदान में उत्साह और भाईचारे का माहौल बना रहा। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी अखाड़ा टीमों को पुरस्कार एवं सम्मान देकर उनकी प्रतिभा का सम्मान किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत सत्य, न्याय, मानवता और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम केवल मातम का पर्व नहीं, बल्कि इंसाफ, त्याग और आपसी भाईचारे का संदेश देने वाला अवसर है। वक्ताओं ने सभी लोगों से सामाजिक सौहार्द, अमन-चैन और आपसी सद्भाव बनाए रखते हुए सभी पर्व-त्योहार मनाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख हाजी आशिक अली, हाजी कमालुद्दीन, श्रमिक प्रतिनिधि हाजी इस्लाम अंसारी, अरविंद शर्मा, पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी, धीरेन्द्र शर्मा, अब्दुल अंसारी, मोहम्मद जुल्फान, फहीम रजा, जाहिद अली, मो. नौशाद, मो. गुड्डे, वसीम रजा, फैयाज खान, मंजूर आलम, मो. खुर्शीद, शकील अंसारी, क्युम अंसारी, इदरीस अंसारी, मंसूर आलम, लियाकत अंसारी, शमसुल होदा, नईम अंसारी, मुस्ताक अंसारी, जमीर अंसारी, अरशद अंसारी, जावेद हुसैन, मो. अली, मो. अनवर, मो. असलम, शाहजहां, बासुदेव साव, महेश विश्वकर्मा, मोहम्मद फैयाज सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## 111 बूथों पर 12,612 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक



**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के 12,612 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पूरे प्रखंड में 111 पोलियो बूथ बनाए गए थे। सुबह से ही अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे और उन्हें पोलियो की जीवनरक्षक दवा पिलाई गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खलारी में अभियान का शुभारंभ चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद, मुखिया तेजी किस्पोट्टा व पारस उरांव ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया। डा इरशाद ने बताया कि अभियान के दूसरे और तीसरे चरण में 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर ऐसे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो से सुरक्षित रखना तथा देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने की दिशा में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है। अभियान को सफल बनाने में डॉ. इरशाद के अलावा सुमित कुमार, सिंटू कुमारी, परवेज खान, अर्पणा उरांव, मीना कुमारी, किरण कुमारी, प्रफुलित बेक, पूनम कुमारी, ममता कुमारी, श्याम कला सहित सभी एएनएम, सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं समाजसेवियों का सराहनीय योगदान रहा।

## 16 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए युवराज


फाइल फोटो

**रातू।** हटिया के पूर्व विधायक सह छोटानागपुर के युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव की 16वीं पुण्यतिथि रविवार को भावुक माहौल में मनाई गई। रातू पैलेस में राजपरिवार के सदस्यों और लोगों ने दीप प्रज्जिवलत कर प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान परिजनों ने उन्हें याद कर भावुकता जताई। युवराज चौक काठीटांड़ पर चैंबर ऑफ कॉमर्स और बुद्धिजीवियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। छोटानागपुर फन कैसल पार्क में उनकी आदमकद प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### केडीएच खदान के बंद गोफ में युवक ने लगाई छलांग

# देर रात तक चला तलाश अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल एनके एरिया के करकट्टा विश्रामपुर स्थित केडीएच परियोजना की बंद खदान के गोफ में रविवार अपराह्न करीब चार बजे एक 19 वर्षीय स्थानीय युवक कूद गया। युवक की पहचान रोहन पासवान उर्फ सोनू कुमार (19), पिता अशोक पासवान के रूप में हुई है। वह खदान से सटे बस्ती का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। इसके बाद सीआईएसएफ, सीसीएल के अधिकारी, खलारी एवं मैकलुस्कीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की तलाश के लिए सीआईएसएफ ने ड्रोन की मदद ली, जबकि सीसीएल की रेस्क्यू टीम क्रेन एवं अन्य संसाधनों के सहारे गोफ में खोजबीन में जुटी रही। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल सका था और राहत एवं बचाव अभियान जारी था। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार को सोनू का जन्मदिन था और वह पढ़ाई कर रहा था। कुछ लोगों के बीच यह चर्चा रही कि वह लंबे समय से एक महंगी मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था तथा मांग पूरी नहीं होने से नाराज था। हालांकि उसकी मां ने इस तरह की किसी भी बात से इनकार करते हुए कहा कि जन्मदिन होने के कारण वह इधर आया था। उन्होंने बताया कि बस्ती के ही वहां बकरी चरा रहे विजय कुमार ने उन्हें सूचना दी कि सोनू खदान के गोफ में कूद गया है। विजय कुमार ने बताया कि उसने सोनू को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह नहीं रुका और गोफ में छलांग लगा दी। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बस्ती के लोगों में युवक की सुरक्षा को लेकर चिंता के साथ-साथ सीसीएल प्रबंधन के प्रति भारी नाराजगी भी देखने को मिली।

**पोलियो अभियान** — बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

# 315 बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद जिंदगी की'

● कार्यक्रम को सफल बनाने में सहिया आशा देवी, यशोदा देवी तथा आंगनबाड़ी सेविका गायत्री देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही

नवीन मेल संवाददाता




**पिपरवार।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बचरा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। इस अवसर पर मुखिया रीना देवी ने कहा कि पोलियो एक गंभीर और आजीवन विकलांगता का कारण बनने वाली बीमारी है। इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय-समय पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस बीमारी से प्रभावित न हो। अभियान के दौरान कुल 315 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहिया आशा देवी, यशोदा देवी तथा आंगनबाड़ी सेविका गायत्री देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने और बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि "कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे" और सभी मिलकर पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

## रातू में 20,637 बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

**रातू।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जून-2026 के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रातू में पोलियो खुराक पिलाने का कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख संगीता देवी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार कश्यप ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सीएचसी रातू क्षेत्र में कुल 25,425 लक्षित बच्चों में से बूथ दिवस पर 20,637 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। शेष बच्चों को सोमवार और मंगलवार को टीम घर-घर जाकर खुराक पिलाएगी। इस अवसर पर डॉ. पुरुषोत्तम, डॉ. प्रीति, डॉ. निधि, यशवंत कुमार, अमित कुमार, राहुल पटेल, अल्पना, सुशीला, विद्या सागर शर्मा, संधीर उरांव, प्रवीण सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## दृष्टिपात

### रांची के गुरुनानक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** रविवार के दिन रांची के गुरुनानक स्कूल में 'प्रभात खबर' द्वारा आईबीएफएआई,उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी और शारदा ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सहयोग से 'प्रतिभा सम्मान' समारोह आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में होनहार छात्रों और सफल प्राचार्यों को सम्मानित किया गया।सिल्ली लोवापिरी गांव की निवासी और बहू,तथा 'बेस्ट प्रिंसिपल नेशनल अवॉर्ड' प्राप्त कर चुकीं पुष्पिता ब्रजकिशोर सिन्हा (ब्रजकिशोर श्रीनाथ सिन्हा की पत्नी) को झारखंड के वित्त मंत्री माननीय राधा कृष्ण किशोर और कृषि एवं पशुपालन विभाग की मंत्री माननीय शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रतिष्ठित 'प्रिंसिपल प्रतिभा सम्मान' से सम्मानित किया साथ ही उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### मुहर्रम पर तरंगा मुस्लिम अखाड़ा ने निकाला मातमी जुलूस, आशुतोष तिवारी ने किया उद्घाटन



**चान्हो।** मुहर्रम के अवसर पर तरंगा मुस्लिम अखाड़ा की ओर से रविवार को पारंपरिक मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस का उद्घाटन समाजसेवी सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर आशुतोष तिवारी ने उपस्थित अखाड़ाधारियों को हजरत इमाम हुसैन की शहादत और उनके अद्वितीय बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए समर्पित था। उन्होंने सभी से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद मातमी जुलूस ढोल-ताशों, निशान और पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन के साथ पूरे टोले एवं आसपास के क्षेत्र का भ्रमण किया। जुलूस के दौरान अखाड़ाधारियों ने अपने पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर सयूब खान, मोजाफर खान, अब्दुल ओहादर , सगीर खान, साबिद खान, इमरोज खान, समशेर खान, मोहम्मद सनामुल, रजाक ओहदार सहित सैकड़ों अखाड़ाधारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### चान्हो के चोरेया गांव में भाजपा का प्रबुद्ध जन संपर्क अभियान



**चान्हो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा बिजुपाड़ा मंडल ने रविवार को चोरेया ग्राम में प्रबुद्ध जन संपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद गीता कोड़ा और पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शक्ति केंद्र चोरेया के प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर संवाद किया। दोनों नेताओं ने चक्रधर नाथ मिश्रा, हरी मुंडा, शहीद अभिषेक साहु के परिजन, रिटायर्ड प्रोफेसर रामकुंवर साहु और पंचम राम जैसे प्रबुद्धजनों से भेंट कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमन्त शाही, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री सुधाकर चौबे, सतीश साहु, अजय मिश्रा, सातानंद सिंह, धर्मप्रकाश मिश्रा, मिथलेश प्रजापति, प्रदीप उरांव, रामचरण भगत और सफीक आलम चांन्हो मंडल अध्यक्ष सालिक राम पाण्डेय, दया सिंह सतीश शाह, बिशेश्वर महतो सहित सेकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रबुद्धजनों से केंद्र सरकार की योजनाओं पर फीडबैक भी लिया।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ, कहा-स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ राष्ट्र का करेंगे निर्माण

**तोरपा।** विधायक सुदीप गुड़िया ने रविवार को रेफरल अस्पताल, तोरपा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक ने स्वयं बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की और लोगों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा पोलियो एक गंभीर बीमारी है जो बच्चों को जीवनभर के लिए अपंग बना सकती है। भारत पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन हमें लापरवाही नहीं बरतनी है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि एक भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे। सभी अभिभावक, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करेंगे चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुमिता रानी ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को जिले के सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जा रही है। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम, सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि तोरपा प्रखंड में 18 हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर डॉ संजय, आशीष, विवेक अमन गुड़िया, सुरेश प्रसाद समेत अस्पताल के कर्मी, सहिया व आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं।

### वज्रपात की चपेट में आने से किसान की मौत, गांव में शोक की लहर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में रविवार की दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 25 वर्षीय युवा किसान रवि तिग्गा की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार रवि तिग्गा पिता देवेंद्र तिग्गा अपने गांव स्थित गुड़गुड़िया दोन के समीप खेत में बंधे मवेशी को लाने गया था। इसी दौरान तेज गरज-चमक के साथ अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मुखिया नीरज कुजुर व उपमुखिया विजय उरांव ने अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को जानकारी दी। इसके बाद बेड़ो थाना पुलिस एएसआई अक्षय कुमार सिंह सशस्त्र बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर थाना ले आई। युवा किसान की मौत से घर में कोहराम मच गया है। पत्नी सुमती उरांव समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मुखिया ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को प्राकृतिक आपदा मद से मुआवजा देने की मांग की है। थाना प्रभारी कफील अहमद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

# सयाल उत्तरी पंचायत के पांच केंद्रों में 459 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** सयाल उत्तरी पंचायत के पांच केंद्रों पर रविवार को पल्स पोलियो दिवस के विशेष अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के कुल 459 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। अभियान की शुरुआत मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव एवं पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि वीरेंद्र पासवान ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर की। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव ने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश है। लेकिन दुनिया के कुछ देशों में अब भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में बीमारी के दोबारा फैलने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और हर बार उन्हें पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि देश की पोलियो पर जीत कायम रहे। उन्होंने बताया कि जो बच्चे इस दौरान छूट गए हैं, उन्हें 29 एवं 30 जून को घर-घर जाकर सहिया दीदी के माध्यम से पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने में एएनएम सरिता कुमारी, सहिया रेनू देवी, रिजवाना प्रवीण, आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा बनर्जी, अंजू कुमारी, सोनम देवी, सबिता देवी, सहिया अनुराधा देवी, चंचला देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी एवं वार्ड सदस्य कांति कुमारी ने विशेष योगदान दिया।

## सैयद कॉलोनी में जेसीबी से बड़े नाले की हुई सफाई

**रामगढ़।** छावनी परिषद अंतर्गत बड़े नालों की सफाई के लिए चलाया जा रहा अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। शनिवार को वार्ड नंबर 2 स्थित सैयद कॉलोनी में सघन सफाई अभियान चलाया गया। जेसीबी मशीन लगाकर कॉलोनी के बड़े नाले को साफ किया गया। बताया गया कि मोहल्ले का यह बड़ा नाला लगभग दो सौ मीटर तक काफी दिनों से जाम पड़ा था। इसके कारण बारिश का पानी जमा हो रहा था। जिससे आस-पास का पूरा वातावरण दूषित हो रहा था। स्थानीय लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ रही थीं। इस की सूचना मिलते ही छावनी परिषद की टीम ने त्वरित सफाई कार्य शुरू कराया।

# रामनवमी जुलूस झड़प मामले में जेल भेजे गए दो लोगों की रिहाई का किया गया स्वागत



**बरकट्ठा।** दर्जनों हिंदु सामाजिक कार्यकर्त्ता रविवार को तुईयो गांव पहूंचकर उत्तीम महतो एवं राजेश कुमार से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप जैसे हिंदू धर्म प्रेमी से ही सनातन धर्म सुरक्षित है। आप सभी के साथ सनातन धर्म प्रेमी हमेशा खड़ा रहेंगे। आप अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे।विदित हो कि रामनवमी जुलूस 2026 के दौरान झड़प हो जाने के कारण ये दोनों व्यक्ति जेल भेज दिए गए थे। कुछ दिन पहले ही जेल से रिहा होकर बाहर निकले हैं। मौके पर हिंदू समाज के सदस्य गण तथा मुखिया शंकर दास, नारायण प्रसाद, योगेंद्र शर्मा, किशोरी राणा , फलजीत राणा, योगेश कुमार, रामनवमी समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा,छोटु चमकीला समेत दर्जनो लोगों ने उन दोनों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।

## दृष्टिपात

### केंद्रीय विद्यालय बरकट्ठा में सत्र 2026- 27 से शुरू होगी पढ़ाई : विधायक



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू अपग्रेड गर्ल हाई स्कूल बेलकपी में केंद्रीय विद्यालय का शैक्षणिक सत्र 2026- 27 में पठन-पाठन शुरू करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है। इसकी जानकारी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने दी ।उन्होंने बताया कि जब तक उक्त विद्यालय का अपना भवन तैयार नहीं होता है तब तक प्लस टू यूजीएचएस में यह विद्यालय का संचालन होगा। प्रारंभिक चरण में बाल वाटिका 1,2,3 तथा कक्षा 1 से पांचवी तक में एक-एक सेक्शन संचालित होगा। कहा विभागीय स्वीकृति मिलने के पश्चात विद्यालय में क्रमिक रूप से उच्च कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा। विधायक ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय में शिक्षण प्रारंभ होने से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी का आभार व्यक्त किया।

### दो बूंद जिंदगी की, हर बच्चे तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिरु पोलियो बूथ में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ी इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और किसी भी बच्चे को इस अभियान से वंचित न रहने दें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने संकल्प लिया कि घर-घर तक पहुंचकर प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि दुलमी प्रखंड को पोलियो मुक्त बनाने के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके। मौके पर सीरु पंचायत उप मुखिया मनेश्वर महतो, एनएम ललिता कुमार, सहिया दीदी मुलू देवी,यशोदा देवी,सरिता देवी, सेविका मालती देवी आदि उपस्थित थे ।

### साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण




**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने रविवार को साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में गरीब व जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा रविवार को दातुन और पत्तल बेचकर जीवनयापन करने वाले महिला, पुरुष एवं बच्चों के बीच दोपहर का भोजन वितरित किया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सहयोग पहुंचाना है। बाजार में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले कई लोग आर्थिक तंगी के कारण समय पर भोजन नहीं कर पाते हैं। ऐसे लोगों को राहत देने के लिए मंच की ओर से नियमित रूप से भोजन सेवा चलाई जा रही है।सभी ने जरूरतमंदों के बीच भोजन बांटकर मानव सेवा का संदेश दिया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि जन सहयोग से यह सेवा अभियान एक दशक से निरंतर चल रहा है और आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए इसी तरह प्रयास जारी रहेगा। भोजन वितरण कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डब्लू सिंह के साथ उमाशंकर जायसवाल, गौरी शंकर महतो, बुकुन नायक, लखन राम, मिथिलेश महतो और मोहम्मद शाहिद समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी, नकद और लैपटॉप लेकर फरार हुए चोर, कार्रवाई की मांग




**बरही।** बरहीडीह निवासी अनीता कुमारी ने थाना में आवेदन देकर अपने ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार वह बरहीडीह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करती हैं।आवेदन के अनुसार सीएसपी संचालक 26 जून की रात प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर चली गई थीं। अगले दिन 27 जून की सुबह करीब 10 बजे दुकान खोलने पहुंचीं तो देखा कि दुकान का ताला और गेट टूटा हुआ है। अंदर जांच करने पर दुकान में रखे लगभग 35 हजार रुपये नकद तथा एक लैपटॉप गायब मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। आवेदन में अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं क्षेत्र में हुई इस चोरी की घटना से आसपास के दुकानदारों में चिंता का माहौल है।

### जिले के एक लाख 60 हज़ार बच्चों का अपार आईडी बना, 24 हज़ार बच्चों का बनना बाकी

**रामगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी योजना के तहत रामगढ़ जिले में अब तक 1,60,059 विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाया जा चुका है। वहीं जिले के 24,086 विद्यार्थियों का अपार आईडी बनना अभी बाकी है। शिक्षा विभाग ने शेष विद्यार्थियों का पंजीकरण शीघ्र पूरा करने के लिए सभी विद्यालयों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। अपार आईडी प्रत्येक छात्र को दिया जाने वाला 12 अंकों का एक विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्या है। यह विद्यार्थियों के लिए एक डिजिटल शैक्षणिक पासपोर्ट की तरह कार्य करेगा, जिसमें उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां, परीक्षा परिणाम, प्रमाणपत्र, छात्रवृत्ति और अन्य एकेडमिक रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से दर्ज रहेंगे। इससे विद्यार्थियों को बार-बार दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी और विभिन्न संस्थानों के बीच शैक्षणिक रिकॉर्ड का आदान-प्रदान भी आसान होगा।

## विश्व हिंदू परिषद की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बाजार टांड स्थित काली मंदिर के प्रांगण में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें प्रान्त संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला मंत्री अरविंद मेहता , जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता विहिप मार्गदर्शक रामचंद्र चौधरी ने किया व संचालन मंत्री सत्यम भारती ने किया।बैठक मे पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अगले कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। वहीं अरविंद मेहता ने विश्व हिंदू परिषद के आगामी कार्यक्रम की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया।उन्होंने सभी लोगों को संध्या मंगला आरती में अधिक उपस्थिति बढ़ाने की बात कही। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद, संयोजक विनोद कुमार, उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता, सहमंत्री मनोज प्रसाद,मिलन प्रमुख तुलसी प्रसाद, सत्संग प्रमुख महेंद्र प्रसाद,शिलाडीह पंचायत अध्यक्ष शिवलाल यादव, सूरज देव प्रजापति, बालेश्वर प्रसाद, नारायण प्रसाद के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, कहा-

# जीवनरक्षक अभियान से एक भी बच्चा वंचित न रह पाए

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने और भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से आज रामगढ़ जिले में राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस के तहत पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। सदर अस्पताल, रामगढ़ में आयोजित इस विशेष उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक ममता देवी उपस्थित हुईं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त ऋतुराज एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार मौजूद रहे। अभियान का शुभारंभ उपायुक्त ऋतुराज ने अपने पुत्र एवं पुत्री को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि जिले का कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से वंचित न रह जाए। स्वास्थ्य विभाग ने इस तीन दिवसीय अभियान के दौरान रामगढ़ जिले के 1,71,477 बच्चों (0 से 5 वर्ष तक) को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए पूरे जिले के सुदूरवर्ती गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक व्यापक तैयारियां की गई हैं, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा चक्र से वंचित न रहे। समारोह के दौरान जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी, जिला टीबी पदाधिकारी ( डॉ. स्वराज तथा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. हरेन चंद्र महतो सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।उद्घाटन के उपरांत विधायक ममता देवी, उपायुक्त ऋतुराज एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से उपस्थित बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई तथा सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाने की अपील की।

### बरकट्ठा में पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान की शुरुआत

# 33790 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

- 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएगी

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का रविवार को शुभारंभ हुआ। प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी कुंज एवं डॉ रजनीकांत ने संयुक्त रूप से बच्चों को दो बुंद पोलियों ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। प्रमुख ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए सभी अभिभावक अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं। उन्होंने अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य कर्मियों से पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। डॉ रत्ना रानी कुंज ने बताया कि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। प्रखंड में बस स्टैंड, प्रमुख चौक-चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कुल 103 बुथ बनाए गए हैं। जहां आने-जाने वाले बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। बताया कि इस अभियान के तहत 33790 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए प्रखंड में कुल 412 वेक्सिनेटर, 25 सुपरवाइजर, 10 मोबाइल टीम बनाए गये हैं. मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, लिपिक भावेश कुमार, बीटीटी प्रकाश पंडित, एमपीडब्ल्यू अनील कुमार, सुधीर कुमार, मिथलेश भारती समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### चेकमेट चैंपियंस शतरंज कैंप में पार्थ भारद्वाज ने जीता दोहरा खिताब

**रामगढ़।** स्कॉलर्स हाई स्कूल रामगढ़ के छात्र पार्थ भारद्वाज ने सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में आयोजित 'चेकमेट चैंपियंस' शतरंज कैंप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिगिनर एवं इंटरमीडिएट दोनों श्रेणियों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पार्थ भारद्वाज को ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा ने सम्मानित किया। पार्थ की यह सफलता उनकी प्रतिभा, नियमित अभ्यास और शतरंज के प्रति समर्पण का परिणाम मानी जा रही है। विद्यालय की निदेशक गीतांजलि जाजू ने कहा कि पार्थ की उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए हरसंभव अवसर उपलब्ध कराता है और पार्थ ने अपनी मेहनत से विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# लायंस क्लब ने पल्स पोलियो अभियान का किया आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ द्वारा आयोजित पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन 28 जून को लायंस क्लब रामगढ़ ने किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डॉ मृत्युंजय सिंह एवं उनके सहयोगी अनीता मुखर्जी , वीरेंद्र पांडे के सहयोग से 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक दी गई । मौके पर डॉ मृत्युंजय सिंह ने बताया की कई कारणों से पोलियो हो सकता है और इससे सतर्क रहने की जरूरत है। बताया कि भारत पोलियो मुक्त हो चुका है फिर भी सतर्कता आवश्यक है। वही, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि यह बच्चों के द्वारा ही बच्चों में फैल सकता है इसलिए हमेशा सफाई का ध्यान रखें और 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलायें। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक जैन, सचिव सुरेंद्र सोबती ,कमल बगड़िया, अजीत अग्रवाल, रमन मेहरा, राजेश कुमार अग्रवाल जेके शर्मा यश्याम परशुरामपुरिया ,रविंद्र शाह ,विनोद वर्मा , एच एन सौंधी ,मनमोहन सिंह लांबा, हरपाल सिंह अरोड़ा, मारवाह जी सहित अनेक सदस्यों मौजूद थे।

## अपराधियों के निशाने पर है सिरका कोलियरी, सुरक्षा पर उठा सवाल

**सिरका।** सीसीएल सिरका परियोजना एक बार फिर अपराधियों के निशाने पर आ गई है। सिरका कोलियरी में लगभग 14 महीने के भीतर यह दूसरी फायरिंग की घटना है। जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है। पहली बार 12 अप्रैल 2025 की रात तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने सिरका कांटा घर के समीप कोयला से लदे एक ब्रेकडाउन हाईवा ट्रक में आग लगा दी थी। बाद में आग पर काबू पा लिया गया था। उस दौरान अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग कर इलाके में दशहत फैलाई थी। इस बार अपराधियों ने सिरका चेक पोस्ट पर दो राउंड फायरिंग कर सुरक्षा कर्मियों को धमकाया और हथियार लहराते हुए फरार हो गये। लगातार दूसरी घटना से आशंका जतायी जा रही है। कि अपराधी कोयला परिवहन से जुड़े ट्रांसपोर्टर से रंगदारी वसूली के लिए भय का माहौल बना रहे है। सिरका से सौंदा तक प्रतिदिन कोयले की ढुलाई होती है।

# पोलियो उन्मूलन अभियान का शुभारंभ, विधायक ने बच्चों को पिलाई "दो बूंद जिंदगी की"

**बरही।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) के अवसर पर रविवार को अनुमंडलीय अस्पताल बरही में पल्स पोलियो उन्मूलन टीकाकरण अभियान 2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की लड़ाई में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ आसपास के सभी बच्चों को भी पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं, ताकि क्षेत्र का कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। पोलियो दिवस के मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंडों पर विशेष बूथ स्थापित किए गए हैं। वहीं 29 जून से 1 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने विधायक का स्वागत किया तथा पल्स पोलियो अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से न छूटे। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, सहिया आदि उपस्थित थे।

**स्थापना दिवस** | आईएआरआई झारखंड का 12वां स्थापना दिवस संपन्न

# वैज्ञानिकों व किसानों को किया गया सम्मानित

- डा एसएल जाट ने भारत में कृषि अनुसंधान और तकनीकी विकास में संस्थान की भूमिका की सराहना की

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई), झारखंड के गौरियाकरमा परिसर में रविवार को 12वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान की अनुसंधान, शिक्षा और किसान हितैषी गतिविधियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। समारोह का शुभारंभ कैंपस प्रभारी डॉ. एस. के. महंता के स्वागत भाषण से हुआ।

मुख्य अतिथि आईसीएआर के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव डॉ. एम. एल. जाट ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने पूर्वी भारत में कृषि अनुसंधान और तकनीकी विकास में संस्थान की भूमिका की सराहना की।इस अवसर पर डॉ. जाट ने लगभग 20.55 करोड़ की लागत से निर्मित छह नई अवसंरचना परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया। इनमें विवेकानंद अकादमिक कॉम्प्लेक्स, जयपाल सिंह मुंडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, तुलसी स्वास्थ्य केंद्र, कुसुम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन शामिल हैं।

आईसीएआर के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डी. के. यादव ने बहुविषयक अनुसंधान, डिजिटल तकनीक और प्रिसिजन कृषि को भविष्य की आवश्यकता बताया। संस्थान के निदेशक-सह-उपकुलपति डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव ने संस्थान की उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, प्रगतिशील किसानों तथा किसान उत्पादक संगठनों को सम्मानित किया गया। डॉ. कृष्ण प्रकाश को सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक (ओवरऑल), डॉ. सौगत भट्टाचार्जी को सर्वश्रेष्ठ पुरुष वैज्ञानिक तथा डॉ. नुजैबा पी. एम. को सर्वश्रेष्ठ महिला वैज्ञानिक पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और किसानों की बड़ी भागीदारी रही। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विशाल नाथ ने किया।

## चितरपुर में मुहर्रम का जुलूस पूरी अकीदत के साथ निकाला गया

**दुलमी।** चितरपुर में मुहर्रम का जुलूस पुरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल के साथ शनिवार को निकाला गया। जुलूस कटहल मुहल्ला से शुरू होकर वर टोला, नीम टोला, शिवालय रोड, चट्टी बाजार, लहेरी टोला, बाजार टांड़ होते हुए कर्बला तक पहुंचा। यहां फातिया और नियाज के साथ ताजिया को दफन किया जाएगा। इस दौरान पूरा क्षेत्र नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर, कर्बला दूर है जाना जरूर है, आदि नारों से गुंजयमान हो गया। मुहर्रम के जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों द्वारा निकाले गए ताजिया के साथ चांद तारा झंडों से पूरा क्षेत्र पटा हुआ नजर आया। इस दौरान जगह जगह पर अस्त्र सस्त्र का परिचालन भी किया गया।

## पूर्वी सिंहभूम में ब्रेन मलेरिया का कहर

# 48 घंटे में तीन बच्चों की गई जान, 20 से अधिक अस्पताल में भर्ती, स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप

- चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा- प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं, जहां अब तक 600 से अधिक ग्रामीणों के जांच की जा चुकी है

नवीन मेल संवाददाता



**जमशेदपुर (आईएएनएस)।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में ब्रेन (सेरेब्रल) मलेरिया ने कहर बरपा दिया है। इलाके में पिछले 48 घंटे के भीतर तीन मासूम बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रभावित गांवों में लगातार नए मरीज मिल रहे हैं, जबकि जमशेदपुर के महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 20 से अधिक मरीजों को भर्ती कराया गया है, जिनमें कई बच्चों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

संक्रमण के इस भयावह रूप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पोटका के नौ गांवों में विशेष निगरानी, बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग और चिकित्सा अभियान तेज कर दिया है। जिला सर्विलांस पदाधिकारी असद ने बताया कि मानसून की शुरुआत के साथ ही पोटका प्रखंड के नौ गांवों में मलेरिया और सेरेब्रल मलेरिया के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने इस बीमारी से कुछ बच्चों की मौत की पुष्टि की है। इस बीमारी से अब तक जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें पीएमश्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की सातवीं कक्षा की छात्रा लख्खी सरदार, दौड़दोड़िया गांव का आठ वर्षीय राहुल सरदार और कंदर गांव की आठ वर्षीय सुबोला सरदार शामिल हैं। इसके अलावा, मृतका सुबोला सरदार की एक वर्षीय बहन खुशबू सरदार भी इस गंभीर संक्रमण की चपेट में है, जिसे नाजुक हालत में एमजीएम अस्पताल के पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही सघन स्क्रीनिंग के दौरान कस्तूरबा गांधी विद्यालय की तीन छात्राओं और आदिम जनजाति सबर समुदाय की नौ माह की एक बच्ची समेत 14 से अधिक नए संक्रमितों की पहचान की गई है। प्रभावित गांवों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं, जहां अब तक 600 से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है। इस बीच, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की मृत छात्रा लख्खी सरदार के इलाज में कथित लापरवाही बरतने के आरोप में पोटका स्थित एक निजी क्लीनिक को प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सील कर दिया है। जांच में सामने आया कि छात्रा में ब्रेन मलेरिया के स्पष्ट लक्षण होने के बावजूद उसे इसके अनुरूप सही उपचार नहीं दिया गया था।

### जमीन विवाद में सगे भाई पर चलाया चाकू, गंभीर

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र के खुट्टा पिरवैया गाजेडीह मार्ग पर जंगल के समीप शनिवार की रात जमीनी विवाद को लेकर एक सगे भाई ने अपने ही छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इस हमले में छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान पुतोडीह ग्राम निवासी 30 वर्षीय दीपक कुमार यादव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। मामले को सुलझाने के लिए गांव में ही ग्रामीण स्तर पर पंचायती बुलाई गई थी। पीड़ित के पिता चंद्रिका प्रसाद यादव ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को बराबर बराबर हिस्से में जमीन बांट कर दी है। ग्रामीण स्तर पर हुई पंचायती के फैसले को पवन कुमार ने मानने से साफ इनकार कर दिया और पंचायत के बीच से ही उठकर चला गया था। वारदात उस वक्त हुई जब छोटा भाई दीपक यादव बासोडीह बाजार से अपना काम निपटाकर वापस अपने घर पुतोडीह लौट रहा था।

## दोहरे हत्याकांड से फैली सनसनी

# नशे में धुत चाचा ने बहू और भतीजी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट

नवीन मेल संवाददाता



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में मंझारी थाना क्षेत्र के बड़ा तोरलो गांव के मारिसाई टोला में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई। शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी ही बहू और 10 वर्षीय भतीजी की कुल्हाड़ी से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है, जबकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतकों की पहचान 33 वर्षीय ननिका बिरूआ और उनकी 10 वर्षीय बेटी शर्मिला बिरूआ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी रमाय बिरूआ उर्फ लुगुन मृतका का जेठ (परिवार का बड़ा सदस्य) है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी को शराब पीने की लत थी और वह अक्सर नशे की हालत में घर लौटकर परिजनों के साथ विवाद करता था। शनिवार को भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा और किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद पास में रखी कुल्हाड़ी से पहले ननिका बिरूआ पर हमला कर दिया। जब उनकी 10 वर्षीय बेटी शर्मिला बीच में आई तो आरोपी ने उस पर भी वार कर दिया। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के समय महिला का पति दखल सिंह बिरूआ खेत में काम करने गया था। घर लौटने पर उन्होंने पत्नी और बेटी को खून से लथपथ पड़ा देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल मंझारी थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चाईबासा भेज दिया। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी रमाय बिरूआ को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली गई है। इस घटना को लेकर मंझारी थाना प्रभारी दिलीप साय मांझी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली गई है।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित सलगझरी फाटक के समीप शनिवार देर रात एक विवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परसुडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान देव कुमार शर्मा की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। पुलिस और परिजनों के अनुसार, सोनी देवी का विवाह वर्ष 2013 में हुआ था। परिवार में उनके पति के अलावा तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। ससुराल पक्ष का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। हालांकि, परिवार की ओर से उनकी बीमारी के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। सोपोडेरा के निवासी मृतका के भाई बबलू कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे उनके बहनोई का फोन आया, जिसमें सोनी देवी द्वारा फांसी लगाने की सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि उनकी बहन का किसी प्रकार का कोई चिकित्सकीय उपचार नहीं चल रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार में सामान्य घरेलू विवाद होते रहते थे, लेकिन आत्महत्या के पीछे की वजह की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## बिना फायर सेफ्टी के चल रहे हैं कोचिंग संस्थान, डीसी ने कहा-

# सुरक्षा का ध्यान रखें कोचिंग संचालक, नहीं तो होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले को शिक्षा का हब के रूप में इन दिनों पूरे झारखंड में जाना जा रहा है। यहां हजारों हजार की संख्या में विद्यार्थी दूसरे जिले से पढ़ने के लिए पहुंच रहे हैं। हजारीबाग में काफी संख्या में कोचिंग सेंटर भी खुले हैं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या कोचिंग सेंटर में फायर सेफ्टी के लिए ठोस इंतजामत है भी या नहीं। हजारीबाग में 100 से अधिक कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। जहां हजारों बच्चे पढ़ाई करने के लिए पहुंच रहे हैं। छोटे-छोटे कमरे में कोचिंग संस्थान चलाया जा रहा है। ऐसे में क्या यहां फायर सेफ्टी के लिए इंतजामत है या नहीं यह एक बड़ा सवाल बनकर इन दिनों उभर रहा है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुए अग्निकांड में 15 छात्रों की मौत ने पूरे कोचिंग संसंथानों पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। हजारीबाग की बात की जाए तो एक दो कोचिंग सेंटर में ही फायर सेफ्टी के लिए इंतजाम किया गया है। बाकी कोचिंग संस्थानों में किसी भी तरह का इंतजाम नहीं है। कुछ कोचिंग सेंटर ऐसे हैं, जहां एक बार में 100 से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन ऐसे कोचिंग सेंटर फायर सेफ्टी को लेकर खास इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में जिला प्रशासन पर सेफ्टी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती कहते हैं कि कोचिंग सेंटर बंद करना उपाय नहीं है, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें कोचिंग संचालक अगर नहीं करेंगे तो होगी सख्त कार्रवाई।

ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या हजारीबाग जिला प्रशासन किसी अनहोनी का इंतजार कर रही है कि घटना घट जाए, इसके बाद कदम उठाया जाएगा। इसके पहले भी कई बार कोचिंग संस्थानों पर जिला प्रशासन की टीम ने जांच की है। लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस पर अभिभावक बताते हैं कि कोचिंग संस्थान फीस के नाम पर मोटी रकम लेते हैं।

### छात्रों की सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं : कोचिंग संघ सचिव

कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले छात्र भी कहते हैं कि सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह का इंतजाम सेंटर की ओर से नहीं की जाती है। एक क्लास रूम में 70-80 बच्चे को बैठाया जाता है। कोचिंग सेंटर जाने के लिए सकरा रास्ता है। एक ही बिल्डिंग में कई कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। लखनऊ में जो घटना घटी है इसे देखकर डर लगता है।

## डीसी ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने रविवार सुबह सदर अस्पताल, देवघर में नवजात बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बूथ डे के तहत जिले में स्थापित 1500 पोलियो बूथों के माध्यम से अधिक से अधिक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने नजदीकी बूथ पर पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएंगे, ताकि अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाएं और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि "जिले के बच्चों को स्वस्थ और पोलियो मुक्त रखने के लिए प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाना बेहद जरूरी है। स्वस्थ बच्चे ही देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।

## पंचायत सचिवालय करियातपुर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# घरेलू हिंसा, नशा मुक्ति व विधिक सहायता की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**बरही।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) हजारीबाग द्वारा संचालित 90 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत रविवार को पंचायत सचिवालय करियातपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की निगरानी डीएलएसए सचिव रवि प्रकाश तिवारी के निर्देशन में की जा रही है। रविवार को पीएलवी सिकंदर कुमार दास, सुनील कुमार वर्मा, नीरज कुमार पासवान, रिंकी कुमारी एवं भानुमति कुमारी ने करियातपुर के ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान घरेलू हिंसा अधिनियम, डायन प्रथा प्रतिषेध कानून, पोक्सो अधिनियम, मोटर वाहन कानून, बाल श्रम निषेध तथा नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पीएलवी ने बताया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान डीएलएसए के माध्यम से आपसी सहमति और संवाद के जरिए कराया जा सकता है। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं अधिवक्ता उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था है। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निष्पादन की जानकारी दी गई। शिविर में लोगों को डीएलएसए की सेवाओं के साथ टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 तथा साइबर ठगी की शिकायत के लिए 1930 नंबर की जानकारी भी दी गई। मौके पर अजय दास, विशाल कुमार, शुभम दास, शिवा कुमार, संजय कुमार दास, आकाश कुमार, सत्यम कुमार, अश्विन कुमार, लक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ को लेकर हुई बहस के बाद चाकूबाजी, दो लोग हुए घायल

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में एक पब में देर रात हुई बहस हिंसक झड़प में बदल गई। कुछ युवकों ने दो महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने वाले दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों पीड़ितों को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया। मामला तब और बढ़ गया जब आरोपी गुट अस्पताल पहुंच गया और इमरजेंसी वार्ड के बाहर दोनों पक्षों के बीच फिर से झड़प हो गई, जिससे मरीजों और उनके साथ आए लोगों में अफरातफरी मच गई। यह घटना शनिवार रात बिष्टुपुर पुलिस स्टेशन इलाके के 'डबल डाउन पब एंड बार' में हुई। पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, देर रात पब में काफी भीड़ थी, तभी दो महिलाओं के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर विवाद शुरू हो गया। जब महिलाओं के साथ आए युवकों ने इसका विरोध किया, तो कहा-सुनी शुरू हो गई जो बाद में मारपीट में बदल गई। हालात बिगड़ने पर बाउंसर और सिक्योरिटी स्टाफ ने दोनों पक्षों के लोगों को पब से बाहर निकाल दिया।

## देवघर में दो दुकानों में लगी भीषण आग

# 20 लाख से अधिक के नुकसान की आशंका

- प्लाइवुड होने के कारण आग तेजी से फैल गई काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया

नवीन मेल संवाददाता



**देवघर।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र स्थित कुंडा मोड़ पर रविवार अहले सुबह भीषण आग लगने से दो दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने दुकान मालिकों और अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अग्निशमन विभाग की टीम करीब एक से डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची, तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और दूसरी दुकान को भी अपनी चपेट में ले चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### आग लगने से करीब 15 से 16 लाख रुपये का नुकसान

पहली दुकान 'उषा ट्रेड' के संचालक संजय कुमार ने बताया कि उनकी दुकान में हार्डवेयर और प्लाइवुड का सामान रखा था। प्लाइवुड होने के कारण आग तेजी से फैल गई और पूरा सामान जलकर राख हो गया। उनके अनुसार इस हादसे में करीब 15 से 16 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी दुकान 'शिव शक्ति स्टोर' के संचालक राजेश ने बताया कि उनकी दुकान में रखा पूरा सामान आग में नष्ट हो गया। उन्होंने भी कई लाख रुपये के नुकसान की बात कही। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग सुबह के समय लगी जब अधिकांश लोग सो रहे थे। लोगों ने बताया कि जब तक लोगों की नजर आग पर पड़ी, तब तक लपटें काफी तेज हो चुकी थीं। फिलहाल आग लगने का सटीक कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, हालांकि शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रशांत कुमार, कुंडा थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट की बात सामने आ रही है, लेकिन घटना के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि दोनों दुकानों में रखी संपत्ति पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

**जागरूकता रैली** | बोकारो में साइकिल मैराथन का आयोजन, ढाई सौ युवाओं ने लिया भाग

# एड्स के प्रति जागरुकता और पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

- 25 किलोमीटर की साइकिल रेस में धनबाद के रहने वाले युवक रोहित कुमार रवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

नवीन मेल संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड युवा आयोग के द्वारा रविवार को बोकारो में साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। इस साइकिल मैराथन में ढाई सौ युवाओं ने भाग लिया। मौके पर युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने फ्लैग ऑफ कर इसकी शुरुआत की। इस साइकिल मैराथन में 25 किलोमीटर और 2 किलोमीटर साइकिल रेस रखा गया था। इसका आयोजन के द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। 25 किलोमीटर के साइकिल रेस में धनबाद जिले के राजगंज के रहने वाले ग्रामीण युवक रोहित कुमार रवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोहित कुमार रवानी ने बताया कि वे प्रतिदिन 2 घंटे साइकिल चलाने का काम करते हैं और 45 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। रोहित ने बताया कि पुरानी साइकिल से वह प्रैक्टिस करते हैं। वह नेशनल भी खेल चुके हैं। लेकिन साइकिल महंगा होने के कारण वह अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। रोहित ने सरकार से सहायता मिलने पर राज्य का नाम रोशन करने की बात कही है। वहीं कांग्रेस नेता राजेश ठाकुर ने युवा आयोग के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज इसकी शुरुआत बोकारो से हुई है और समापन रांची में होगा। जहां मुख्यमंत्री भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से सेहत ठीक रहता है और महंगाई से भी राहत मिलेगी। युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने बताया कि इसके पीछे मुख्य उद्देश्य एड्स बीमारी के प्रति जागरूकता और साथ ही साथ एक हरित राज्य की परिकल्पना को आगे बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जितना प्रदूषण बढ़ रहा है, बड़े-बड़े शहरों में सांस लेना योग्य हवा नहीं है। लेकिन झारखंड अपनी प्रकृति के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि लोग साइकिल चलाएं, साइकिल को अपने रोजमर्रा के जीवन में शामिल करें। ताकि महंगाई से राहत मिले और जो देश डायबिटीज कैपिटल बन रहा है, उससे भी बचा जा सके।

### ऐपवा की बैठक में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**चिरकुंडा।** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) ने रविवार को मुंडाधौडा में बैठक किया। संगठन विस्तार, आंदोलनात्मक कार्यों, स्थानीय महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा की गई। महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे संगठन के बैनर तले एकजुट होकर अपनी परेशानियों को दूर कर समाज में स्वाभिमान के साथ जीने के लिए निरंतर संघर्ष करेंगी।

अध्यक्षता कर रहे साइना परवीन ने कहा कि क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा और घरेलू रोजगार के अवसर प्रदान करना समय की मांग है। शिक्षा और उचित रोजगार के अभाव में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

## प्रखंड में पहुंचा हाथियों का झुंड प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** जिला के गोमिया प्रखंड अंतर्गत इलाके में 30 जंगली हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा है, जिसमें तीन मादा हाथी गर्भवती है। जिसके कारण उनका इस क्षेत्र में विचरण बहुत धीमा है। गोपो, पालू, बड़की पुन्नू और कुसुमडीह-कानीडीह क्षेत्र में 30 हाथियों का झुंड अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय है, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग और प्रशासन ने इसे लेकर विशेष हाई अलर्ट जारी कर दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के दौरान हाथियों का व्यवहार अधिक आक्रामक और अस्थिर हो जाता है। जिला प्रशासन की ओर से महुआटांड़, धवईया, सिमराबेड़ा, दरहाबेड़ा, कुसुमडीह, कानीडीह, गागा, टिकाहारा, फुटकाडीह और कंडेर गांवों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों को रात में बाहर न निकलने, हाथियों के पास न जाने और किसी प्रकार का शोर या छेड़छाड़ न करने की सख्त हिदायत दी है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। सुरक्षा के लिए 2 QRT टीमें तैनात की गई हैं। इन QRT टीमों के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर संपर्क किया जा सके। इस संबंध में बोकारो जिले के प्रभारी डीएफओ संदीप कुमार शिंदे ने बताया कि झुंड में मादा हाथी भी शामिल है।

**विचार प्रवाह** जब तक तुम ईश्वर को पा नहीं लेते, मनोरंजनों में रुचि न रखना ही अच्छा है। मनोरंजन खोजने का अर्थ है भगवान को भूल जाना। पहले प्रभु से प्रेम करना और प्रभु को जानना सीख लो। उसके बाद तुम जो भी करो उससे फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे सदा तुम्हारे विचारों में बने रहेंगे। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# करोड़ों का भविष्य पर हत्या करने पर उतारू दुल्हनें

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

हम सभी के बीच आम धारणा है कि यदि हमारे पास पैसे हों तो हम दुनिया की हर खुशी खरीद सकते हैं, जबकि पुरानी कहावत है कि पैसे से खुशी हासिल नहीं की जा सकती। पुणे में उच्च शिक्षित आर्थिक रूप संपन्न युवा जोड़ा जो सोशल मीडिया पर हिट बटोर रहा था दांपत्य जीवन शुरू करने से पहले बिखर गया। आरोप दुल्हन और उसके प्रेमी पर है जैसा गत वर्ष भी हुआ था।केतन अग्रवाल हत्याकांड से यह भी पता चलता है कि ऐसी पीढ़ी, जिसे एक परफेक्ट जिंदगी जीने के लिए तैयार किया गया हो, कमियों, नाकाम रिश्तों, अस्वीकार किए जाने, माता-पिता की नाराजगी और सामाजिक शर्मिंदगी का सामना करने में किस कदर जूझती दिखती है और किस सीमा तक जा सकती है। यह शादी करोड़ों रुपयों की थी। इस समारोह के लिए राजस्थान में एक महल बुक किया गया था। मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए प्राइवेट जेट किराये पर लिए गए थे। एक युवा जोड़ा अपनी नई जिंदगी की वैसी शुरुआत करने जा रहा था, जो इंस्टाग्राम पर खूब पसंद की जाती। केतन अग्रवाल हर मायने में एक आदर्श बेटे और करोड़ों रुपये के पारिवारिक कारोबार के उत्तराधिकारी थे। विदेश से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह हाल ही में भारत लौटे थे और परिवार के बिजनेस की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। 26 साल की उम्र में, उनके परिवार ने तय किया कि उनकी जिंदगी के अगले कदम, यानी शादी के लिए यह सही समय है। इसके लिए उन्हें अधिक तलाश भी नहीं करनी पड़ी। लड़की पुणे की रहने वाली थी और उसका परिवार भी परिचितों में ही था। उस समय यह सब बहुत अच्छा और किस्मत का खेल लगा होगा। पर दुखद अंत ने लोगों की धारणा को तोड़ा कि पैसा किसी परिवार को दुख और त्रासदी से बचा सकता है और यह कि एक भव्य और आलीशान भारतीय शादी अपने आप में प्यार, भरोसे और भावनात्मक रूप से मजबूत रिश्ते की गारंटी होती है। पर भारतीय शादियां अब निजी समारोह के बजाय एक सार्वजनिक प्रदर्शन और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक अधिक बन चुकी हैं। लेकिन पूरे देश का ध्यान खींचा जब सोशल मीडिया पर अपनी परीकथा जैसी जिंदगी दिखाने वाली, मुस्कुराती और खुश नजर आने वाली 20 वर्षीय लड़की को देखकर शायद ही कोई उसे कातिल मानता। केतन और सिया के आकर्षक वीडियो में, दर्शक एक ऐसी युवा महिला को देखते हैं, जो प्यार में डूबी हुई है। वह खुशी से झूमती है, शर्माती है और अपने होने वाले दूल्हे के प्यार में खोई हुई लगती है। जबकि, इन सबके बीच, सिया अपने बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी के साथ मिलकर अपने मंगेतर की हत्या की योजना बना रही थी। यह एक ऐसा धोखा था, जिसने पूरे देश को चौंका दिया है। एक तरफ सबके सामने सपनों जैसी जिंदगी का दिखावा करना और असल में मन ही मन किसी की हत्या करने के ख्यालों में डूबे रहना-20 वर्ष की होने वाली दुल्हन के रूप में सामने आई सिया की कहानी इन्हीं दो पहलुओं के इर्द-गिर्द घूमती है। सिया की हरकतों से ऐसी सनकी मानसिकता झलकती है, जो आमतौर पर खूंखार अपराधियों में देखी जाती है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि केतन की मौत के बाद भी उसके व्यवहार में न तो किसी तरह का पछतावा दिखाई दिया और न ही दुख का एहसास। उल्टा, उसने सामान्य दिखने का नाटक किया। यही बात इस पूरे मामले को और भी बेचैन करने वाली बना देती है। यह मामला बच्चों को मिल रही सुख-सुविधाओं को लेकर भी कुछ असहज सवाल खड़े करता है। अमीर परिवारों के पास अक्सर ऐसी जिंदगी बनाने के साधन होते हैं, जो बेहद सुरक्षित और आसान हों। लेकिन, पैसा किसी को भावनात्मक मजबूती, झगड़ों को सुलझाने की समझ या मुश्किल फैसले लेने का साहस नहीं सिखा सकता। जबकि हर भारतीय परिवार बच्चों को शादी के बारे में तो सिखाता है, लेकिन बहुत कम परिवार ही उन्हें यह सिखाते हैं कि अगर रिश्ता सही न लगे, तो सहजता से उससे पीछे कैसे हटें। हम वादों को तो अच्छा मानते हैं, पर किसी गलत फैसले से समय रहते पीछे हटने को कमजोरी या शर्म की तरह देखते हैं। जहां हम समारोहों पर करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, वहीं भावनात्मक समझ पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते।'मैं यह शादी नहीं करना चाहती' कहना आसान नहीं, इससे किसी का दिल टूट सकता है, परिवारों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ सकती है और भारी आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। शायद केतन अग्रवाल मामले की सबसे बड़ी सीख यही है कि यह सिर्फ एक अपराध की कहानी नहीं, बल्कि उस शादी के तमाशे की कहानी है, जो कभी शुरू ही नहीं होनी चाहिए थी। सिया गोयल ने पुलिस को पूछताछ में यह बताया कि उसे केतन का हकलाना पसंद नहीं था। केतन से शादी न करने का कारण था कि वह चेतन चौधरी से प्यार करती थी और उसके सिर पर कम बाल थे और वह विग लगाता था। शादी तय करते समय सिया के परिवार के लोगों को इस बात की जानकारी थी, लेकिन इसे सामान्य मान लिया गया।

# स्वप्न-संवाद : जब कबीर ने चेतना को जगाया

**आज की बात**



डॉ यल कोमुरा रेड्डी

> आज का मनुष्य इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कुछ ही क्षणों में असीम जानकारी प्राप्त कर सकता है, किन्तु आत्मचिंतन, नैतिक विवेक और मानवीय संवेदनाएँ निरंतर क्षीण होती जा रही हैं। कबीर का यह संदेश हमें स्मरण कराता है कि ज्ञान का सर्वोच्च रूप आत्मज्ञान है

*एक आत्ममंथन, एक जागरण और आधुनिक युग के लिए संत कबीर का कालजयी संदेश!*

**कबीरदास जी के 649 वें जन्म दिवस के संदर्भ में**



रात का अंतिम प्रहर था। चारों ओर ऐसा निस्तब्ध वातावरण पसरा था मानो सम्पूर्ण सृष्टि किसी गहरे ध्यान में लीन हो। आकाश में टिमटिमाते तारों की मंद रोशनी भी जैसे मौन का अनुशासन निभा रही थी। उसी गहन शांति के बीच मेरी चेतना किसी अनदेखे लोक की ओर बढ़ने लगी। अचानक मेरी बंद आँखों के भीतर एक दिव्य, प्रखर और अलौकिक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। वह प्रकाश इतना तेजस्वी था कि उसकी आभा में संसार का समस्त अंधकार क्षणभर में विलीन हो गया। उस प्रकाश के मध्य से एक साधु-स्वरूप धीरे-धीरे स्पष्ट होने लगा। सिर पर सादा साफ़ा, तन पर साधारण वस्त्र, गले में मणिकों की माला, हाथ में करघे का ताना-बाना और मुखमंडल पर अपूर्व तेज। उनकी आंखों में ऐसी निर्मल चमक थी जो मानो बाहरी संसार नहीं, सीधे आत्मा के भीतर झांक रही हो। उनके व्यक्तित्व में वैराग्य की गंभीरता, सत्य की निर्भीकता और करुणा की मधुरता एक साथ विद्यमान थी। मैं विस्मय और श्रद्धा से अभिभूत होकर उन्हें निहारने लगा। शब्द जैसे मेरे कंठ में अटक गए थे। मैं कुछ पूछना चाहता था, पर उससे पहले ही उन्होंने अपनी विशिष्ट अक्खड़, निर्भीक, किन्तु वात्सल्यपूर्ण वाणी में मुझे संबोधित किया-

"पन्ने मत पलट, आँखें खोल!"उनकी यह एक पंक्ति किसी साधारण वाक्य की तरह नहीं, बल्कि मेरे अंतर्मन को झकझोर देने वाले उद्घोष की तरह प्रतीत हुई। ऐसा लगा मानो वर्षों से जमी हुई मानसिक धूल अचानक हटने लगी हो।

"ज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं, जीवन के अनुभवों में है" कबीर मुस्कुराए। उनकी मुस्कान में करुणा भी थी और व्यंग्य भी। वे बोले-"सुन भाई साधो! तुम दिन-रात मेरी साखियां रटते हो, पोथियां पढ़ते हो, व्याख्यान देते हो और विद्वानों की तरह विमर्श करते हो। लेकिन कबीर किताबों में नहीं, 'आँखिन देखी' में बसता है।" फिर उन्होंने गहरी दृष्टि से मेरी ओर देखा और कहा-"तुम्हारी इक्कीसवीं सदी ने साक्षरता तो बढ़ा दी, पर विवेक को पीछे छोड़ दिया। तुम्हारे पास सूचनाओं का अथाह समुद्र है, लेकिन जीवन का ज्ञान सूखता जा रहा है। तुम दुनिया को पढ़ लेते हो, स्वयं को पढ़ना भूल गए हो।" उन्होंने समझाया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्रियां अर्जित करना नहीं, बल्कि मनुष्य को संवेदनशील, विवेकशील और चरित्रवान बनाना है। यदि शिक्षा अहंकार बढ़ाए और मनुष्य को मनुष्य से दूर कर दे, तो वह केवल सूचना है, ज्ञान नहीं। आज का मनुष्य इंटरनेट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कुछ ही क्षणों में असीम जानकारी प्राप्त कर सकता है, किन्तु आत्मचिंतन, नैतिक विवेक और मानवीय संवेदनाएँ निरंतर क्षीण होती जा रही हैं। कबीर का यह संदेश हमें स्मरण कराता है कि ज्ञान का सर्वोच्च रूप आत्मज्ञान है। इतना कहकर उन्होंने मेरे हाथ में रखे स्मार्टफ़ोन की ओर संकेत किया और मुस्कुराकर बोले-"हमारे समय में लोग हाट-बाजार में पाखंड करते थे, तुमने तो पाखंड का पूरा संसार अपनी हथेली में समेट लिया है।" वे आगे बोले-"यहाँ लोग दुःख भी दिखावे के लिए प्रकट करते हैं और खुशी भी प्रदर्शन के लिए। करुणा भी उँगलियों से व्यक्त होती है और प्रेम भी केवल स्क्रीन तक सीमित रह गया है। यह 'डिजिटल शोक' और 'दिखावे का उल्लास' माया का नया जाल है।" फिर उन्होंने अत्यंत सुंदर उपमा दी -"मन तो पहले भी चंचल था, पर अब यह आभासी संसार उसे और अधिक चंचल बना रहा है। अपने मनरूपी मूसे पर सजगता की बिल्ली बैठाओ। बाहर चमकने की चाह में भीतर से खोखले मत हो।" सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति का नया माध्यम दिया है, लेकिन इसके साथ तुलना, प्रदर्शन, कृत्रिम लोकप्रियता और मानसिक अशांति भी बढ़ी है। कबीर का संकेत डिजिटल माध्यमों के विरोध में नहीं, बल्कि उनके विवेकपूर्ण उपयोग की ओर है। उनका संदेश है कि तकनीक का स्वामी बनो, उसका दास नहीं। अब उनके मुखमंडल पर गंभीरता स्पष्ट दिखाई देने लगी। उन्होंने दृढ़ स्वर में कहा-"मैं छह सौ वर्ष पहले भी रोया था-'आपस में दोऊ लरि-लरि मुए, मरम न काहू जाना।' आज भी वही दृश्य देख रहा हूँ। केवल लड़ने के कारण बदल गए हैं।"वे बोले-"आज तुम धर्म, जाति, भाषा, विचारधारा और राजनीति के नाम पर एक-दूसरे से घृणा कर रहे हो। जिसने सबको बनाया, वही सबमें बसता है। जब नूर एक है, तो भेदभाव कैसा?"

उन्होंने आगे कहा-"मंदिर और मस्जिद की दीवारों से बाहर निकलो। ईश्वर पत्थरों में कम, मनुष्य के हृदय में अधिक बसता है। हर जीव में उसी परम सत्ता की धड़कन है।" कबीर का यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। धार्मिक कट्टरता, जातीय भेदभाव, सामाजिक विभाजन और वैचारिक असहिष्णुता आधुनिक समाज की गंभीर चुनौतियाँ हैं। कबीर का दर्शन हमें बताता है कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। कुछ क्षणों बाद उनके चेहरे पर पुनः सहज मुस्कान लौट आई। उन्होंने स्नेहपूर्वक मेरे कंधे पर हाथ रखा और कहा-"आज तुम्हारी दुनिया में हर व्यक्ति अधिक पाने की दौड़ में भाग रहा है। इस अंधी प्रतिस्पर्धा ने तुम्हारे मन की शांति छीन ली है।" फिर उन्होंने अपना प्रसिद्ध दोहा स्मरण कराया-"साईं इतना दीजिए, जामे कुटुम समाय। मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय।"

वे बोले-"आवश्यकता से अधिक संग्रह मनुष्य को समृद्ध नहीं, बल्कि असुरक्षित बना देता है। जब संतोष भीतर बस जाता है, तब बाहरी वैभव फीका पड़ जाता है।" उपभोक्तावाद के इस युग में सफलता का मापदंड धन और भौतिक संपत्ति बन गया है। परिणामस्वरूप तनाव, असंतोष और मानसिक अवसाद बढ़ रहे हैं। कबीर का संतोष-दर्शन आधुनिक 'मिनिमलिज़्म', सतत जीवनशैली और मानसिक संतुलन का मूल आधार बन सकता है।

अब वह दिव्य प्रकाश धीरे-धीरे मंद होने लगा। ऐसा प्रतीत हुआ कि उनके लौटने का समय आ गया है। उन्होंने करघे पर बुने जा रहे ताने-बाने को स्नेहपूर्वक स्पर्श किया और गंभीर, किन्तु अत्यंत मधुर स्वर में बोले-"याद रखना,चाहे तुम कितने भी बड़े प्रोफेसर, विद्वान, वैज्ञानिक या ज्ञानी क्यों न बन जाओ, यदि तुम्हारे हृदय में समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए करुणा नहीं है, तो तुम्हारा ज्ञान कुएँ के रुके हुए पानी की तरह है-जो न स्वयं बहता है और न किसी की प्यास बुझाता है।"उन्होंने आगे कहा-"ज्ञान तभी सार्थक है जब वह सेवा में बदले, शिक्षा तभी सफल है जब वह संवेदना जगाए, और जीवन तभी पूर्ण है जब उसमें प्रेम हो। इसलिए जाओ, संसार को फिर से 'ढाई आखर प्रेम का' पाठ पढ़ाओ। यही कबीर का वास्तविक संदेश है।" इतना कहकर वे मंद-मंद मुस्कुराए। वह दिव्य प्रकाश धीरे-धीरे आकाश में विलीन होने लगा। मैं उन्हें रोकना चाहता था, पर शब्द फिर मौन हो गए। तभी मेरी आँखें खुलीं। बाहर पूर्व दिशा में उषा की लालिमा फैल चुकी थी। पक्षियों का कलरव आरंभ हो चुका था, पर मेरे भीतर अब भी कबीर की वाणी गूँज रही थी। मुझे अनुभव हुआ कि यह केवल स्वप्न नहीं था, बल्कि आत्मा का जागरण था। कबीर ने मुझे यह समझा दिया था कि मनुष्य का वास्तविक विकास तकनीकी प्रगति, आर्थिक सम्पन्नता या बौद्धिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि विवेक, सत्य, करुणा, संतोष और प्रेम से होता है। आज की दुनिया यदि कबीर के इन पाँच सूत्रों-आत्मज्ञान, सजगता, मानवता, संतोष और प्रेम-को अपने जीवन में उतार ले, तो अनेक सामाजिक, मानसिक और नैतिक संकट स्वतः समाप्त हो सकते हैं। वास्तव में, कबीर केवल पंद्रहवीं शताब्दी के संत नहीं हैं; वे प्रत्येक युग की जाग्रत अंतरात्मा हैं। उनकी वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, क्योंकि मनुष्य बदल गया है, पर उसके भीतर की समस्याएं नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# फिरहाद की कोई क्यों करे फरियाद?

**देश की बात**



सत्येंद्र प्रताप सिंह

फिरहाद हाकिम कभी अभिषेक बनर्जी के बाद तृणमूल कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते थे। पार्टी संगठन में अभिषेक बनर्जी का कद भले ही अधिक रहा हो, लेकिन राज्य सरकार और कोलकाता नगर निगम में यदि ममता बनर्जी के बाद किसी की सबसे अधिक तूती बोलती थी, तो वह फिरहाद हाकिम ही थे। ममता बनर्जी सार्वजनिक स्थलों पर भी उन्हें औपचारिक नाम से नहीं, बल्कि प्यार से बॉबी कहकर पुकारती थीं। सिर्फ़ नगर विकास और शहरी प्रशासन ही नहीं, बल्कि सरकार और पार्टी के अनेक महत्वपूर्ण फैसलों में भी बॉबी की राय को खास महत्व मिलता था। प्रशासनिक पकड़, संगठन पर प्रभाव और मुख्यमंत्री के भरोसे ने उन्हें सत्ता के सबसे ताकतवर चेहरों में शामिल कर दिया था। लेकिन राजनीति में समय हमेशा एक-सा नहीं रहता। जो नेता कभी सत्ता के सबसे मजबूत स्तंभ माने जाते थे, वही आज बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच खुद को अलग-थलग पाते दिख रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी और ऋतोब्रत बनर्जी से नजदीकियां बढ़ाने के बावजूद सत्ता के गलियारों में उनकी पहले जैसी धमक अब नहीं रही।

## फिरहाद की गिरफ्तारी की मांग

कोलकाता के तारातला में निर्माणाधीन गोदाम ढहने की घटना में पूर्व मेयर फिरहाद हाकिम की गिरफ्तारी की मांग लगातार तेज होती जा रही है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा विधानसभा में उनका नाम लिए जाने के बाद ममता बनर्जी समर्थक तृणमूल नेता, वाम दल, कांग्रेस और भाजपा सभी उनसे पूछताछ और गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, 20 नवंबर को नगर निगम की बिल्डिंग कमेटी की बैठक में नक्शे को सशर्त स्वीकृति दी गई थी और अंतिम अनुमति मेयर या बिल्डिंग विभाग के प्रभारी की मंजूरी पर निर्भर थी। बैठक की कार्यवाही पर तत्कालीन मेयर और बिल्डिंग विभाग के प्रभारी फिरहाद हाकिम के हस्ताक्षर मौजूद हैं। हालांकि, फिरहाद हाकिम ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि गोदाम अवैध नहीं था और निगरानी में कमी रही। उनका कहना है कि वह तकनीकी विशेषज्ञ नहीं हैं और बैठक की कार्यवाही पर उनका हस्ताक्षर केवल औपचारिक प्रक्रिया का हिस्सा था। इस बीच, ममता गुट के विधायक कुणाल घोष ने फिरहाद हाकिम को हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग की है। ममता गुट की सांसद महुआ मोइत्रा ने सवाल उठाया कि यदि अन्य नेताओं को जेल भेजा जा सकता है, तो फिरहाद हाकिम को क्यों नहीं? वहीं वामपंथी सुजन चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि क्या सरकार समर्थक विपक्ष का हिस्सा होने के कारण पूर्व मेयर पर कार्रवाई नहीं हो रही है? भाजपा नेताओं का कहना है कि जब स्वयं मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी विधानसभा में दस्तावेजों के साथ फिरहाद हाकिम की भूमिका का उल्लेख कर चुके हैं, तब सरकार उन्हें बचा रही है या नहीं, यह सवाल स्वाभाविक है। मामले में मुख्यमंत्री ने फिरहाद हाकिम के तत्कालीन ओएसडी कालीचरण बंद्योपाध्याय का भी नाम लिया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। गोदाम के मालिक शंभुनाथ बेहरा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हादसे की जांच जारी है और अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि क्या पूर्व मेयर फिरहाद हाकिम के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होती है।भाजपा का दावा है कि जांच में जुड़े किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा। दूसरी ओर, कालीघाट खेमे का आरोप है कि यदि फिरहाद हाकिम को गिरफ्तार नहीं किया गया तो जनता के बीच भाजपा और ऋतोब्रत बनर्जी खेमे के बीच 'सेटिंग' की धारणा मजबूत होगी। उनका यह भी दावा है कि फिरहाद हाकिम की बेटी प्रियदर्शिनी हाकिम, जो भवानीपुर चुनाव मामले में संभावित महत्वपूर्ण गवाह हैं, इस पूरे राजनीतिक समीकरण का एक अहम पहलू बन गई हैं। बहरहाल, ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है- जब खुद फिरहाद हाकिम का राजनीतिक प्रभाव सिमटता दिखाई दे रहा हो, तो उनकी फरियाद आखिर कौन सुनेगा? यही आज की बंगाल की राजनीति का सबसे बड़ा क्रूर व्यंग्य भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## संत कबीर दास समरसता के अमर संदेशवाहक



संजय सर्राफ

भारत के महान संत, समाज सुधारक और निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख कवि संत कबीर दास की जयंती पूरे देश में श्रद्धा, आस्था और सम्मान के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष संत कबीर दास जयंती 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर मनाई जाएगी। इस दिन देशभर में कबीर पंथी आश्रमों,मंदिरों तथा विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा सत्संग, भजन-कीर्तन, कबीर वाणी का पाठ, प्रवचन,भंडारा एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता है। संत कबीर दास के जन्म के संबंध में विभिन्न मत प्रचलित हैं, किंतु व्यापक रूप से माना जाता है कि उनका जन्म वर्ष 1398 ईस्वी में ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन वाराणसी के निकट लहरतारा क्षेत्र में हुआ था। लोक परंपरा के अनुसार उनका पालन-पोषण मुस्लिम दंपति किया। इसी कारण उनके जीवन में हिंदू और मुस्लिम दोनों परंपराओं का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।संत कबीर दास जयंती से जुड़ी कथा के अनुसार कबीर बचपन से हीआध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। वे स्वामी रामानंद को अपना गुरु बनाना चाहते थे। कहा जाता है कि एक दिन वे प्रातःकाल उस मार्ग पर लेट गए जहाँ से स्वामी रामानंद गंगा स्नान के लिए जाते थे। अंधेरे में उनका पैर कबीर पर पड़ गया और उनके मुख से अनायास राम-राम शब्द निकला। कबीर ने इसे ही गुरु-मंत्र मान लिया और आजीवन राम नाम का स्मरण करते हुए प्रेम, भक्ति, सत्य और मानवता का संदेश फैलाया। इस जयंती का मुख्य उद्देश्य संत कबीर की शिक्षाओं, मानवीय मूल्यों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच, धार्मिक कट्टरता, पाखंड और बाहरी आडंबर का विरोध किया तथा सच्चे आचरण, ईश्वर-भक्ति, सत्य, प्रेम और सेवा को जीवन का वास्तविक धर्म बताया।उनके दोहे आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं और नैतिक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। संत कबीर दास जयंती की विशेषता यह है कि यह किसी एक धर्म या समुदाय का पर्व नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेम, समानता और भाईचारे का उत्सव है।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## संपदा या प्रियजनों की क्षति



श्री श्री परमहंस योगानंद

एक अर्थ में, दुःख आपका सबसे श्रेष्ठ मित्र है, क्योंकि यह आपको ईश्वर की खोज करना प्रारम्भ कराता है। जब आप संसार की अपूर्णताओं को स्पष्ट रूप से देखना प्रारम्भ कर देते हैं, तब आप ईश्वर की पूर्णता की खोज करना आरम्भ कर देंगे। सच्चाई यह है कि ईश्वर बुराई का प्रयोग हमें नष्ट करने के लिए नहीं कर रहे हैं, अपितु हमें वे अपने खिलौनों, इस संसार के खिलौनों के साथ मोहभंग करने के लिए कर रहे हैं, ताकि हम सम्भवतः उन्हें खोजें। विषाद जगन्माता के दुलार से बाहर फैलाए हुए स्नेहिल हाथ की छाया है। यह न भूलें। कभी-कभी जब मां आपको दुलारने लगती है, तो आपको छूने से पहले उसके हाथ की एक छाया बनती है। अतः जब कष्ट आता है तो यह न सोचें कि वे आपको सज़ा दे रही हैं; उनका हाथ जब आपको अपने निकट लाने के लिए बढ़ता है तो उनके हाथ की छाया किसी आशीर्वाद के रूप में आप पर पड़ती है। दुःख उनके लिए अच्छा शिक्षक है जो इससे तत्परता एवं इच्छापूर्वक सीखना चाहते हैं। परन्तु जो उसका विरोध एवं इस पर नाराजगी व्यक्त करते हैं, उनके लिए यह पीड़ादायक बन जाता है। दुःख हमें लगभग सभी कुछ सिखा सकता है। इसकी शिक्षाएं हमें चेतना का विकास करने हेतु प्रेरित करती हैं। उदाहरणार्थ, पेट दर्द हमें सिखाता है कि हम अधिक न खाएं और ध्यान रखें कि हम क्या खा रहे हैं। सम्पदा या प्रियजनों की क्षति हमें माया के इस संसार में सभी वस्तुओं की अस्थायी प्रकृति का पुनः स्मरण कराती है। बुरे कार्यों के परिणाम हमें विवेक के अभ्यास की प्रेरणा देते हैं। ज्ञान के माध्यम से क्यों न सीखें? तब आप स्वयं को दुःख के कठोर अधिकारी के अनावश्यक पीड़ापूर्ण अनुशासन के अधीन नहीं करेंगे।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

**फेसबुक वॉल से**



**एक्स से**



# आप बस पैसा कमाइए, बाकी सब कुछ भाड़ झोंकिए!

**अलग बात**



राजीव थेपड़ा

कहीं पर प्रश्न उठा है इन तस्वीरों के माध्यम से, नैतिकता-अनैतिकता आदि का। थोड़ा विवादित विषय है यह। क्योंकि कोई क्या करता है। यह उसकी अपनी मर्जी है।

(अब यह बात अलग है कि हम इतने उच्चश्रृंखल या अनियंत्रित-असीमित आजाद भी नहीं कि समाज से परे जाकर अपनी मनमर्जी से कुछ भी करने लगें!)

जहां तक इन चीजों का सवाल है, मुझे लगता है कि यदि कोई किसी हद में रह कर अपना काम करता है। तो उसमें कुछ बुरा भी नहीं। देखा जाए तो सदा से ही ग्लैमर समाज के सर चढ़कर बोलता रहा है। ग्लैमर देखा जाता है, इसलिए ग्लैमर सबसे ज़्यादा बिकता है। इसलिए ग्लैमर में अपार पैसा है। बल्कि उससे जुड़ी प्रत्येक वस्तु में पैसा है ग्लैमर से जुड़ी वस्तुएं के धंधे में भी अपार प्रॉफिट है। और सच तो यह है कि पैसे के लिए ही हम सब हैं, जीने के लिए थोड़ी ना हैं। जीने के लिए हम कम हैं, पैसा कमाने की एक मशीन के रूप में ज्यादा हैं। बल्कि पैसा कमाते हुए असल में हम जीना भी भूल जाते हैं। ऐसा नहीं है यह जिंदगी हमें जीने के बहुत सारे अवसर नहीं देती। लेकिन पैसा कमाने की धुन में हम उन अवसरों को भी छोड़ देते हैं। अब यहां पर सवाल यह उठता है कि कौन-सा काम गलत है और कौन-सा काम सही है? तो एक ही बात कहना चाहूंगा कि जिसके हाथ जो काम लगता है, वह वही कर डालता है। मुख्य मुद्दा है हाथ में पैसा आना! पैसा आना नैतिकता और अनैतिकता से परे की बात हो गई है। रास्ता कोई भी हो बस



पैसा आना चाहिए! हम सब पैसे के लिए मरे जा रहे हैं। और पैसे के लिए हमारा हमारी यह अतिशयता भरी या पागलपन भरी लाग जब तक खत्म नहीं होगी या हम जब तक यह नहीं समझ जाएंगे कि हमें कितना जीना है और उस जीने के लिए कितना कमाना है या यूं कहो कि सही तरीके से जीने के लिए कितना कमाना पर्याप्त होगा! और जीने के लिए अन्य गतिविधियां कौन-सी व कितनी होंगी। जिसके साथ या जिनको करते हुए हम लोगों के साथ भी जुड़े रहते हुए एक गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सकें। और लोगों से जुड़ने की बात भी बाद की बात है। पहले तो यूं हो कि हम अपने परिवार से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से जुड़े हुए रहते हुए अटूट पारिवारिक रिश्तों के साथ जी सकें। किन्तु जब तक पैसा पहले रहेगा, तब तक इन बातों का कोई औचित्य ही नहीं है। क्योंकि अकूत दौलत कमाने के इससे हमारे निहित तर्क भी इतने ऊल-जलूल हैं, जिन पर बात करने से इस विषय पर कोई समाधान भी नहीं मिलता, क्योंकि वह तर्क नहीं कुतर्क हैं। फिर जिसके पास जो साधन है, वह उसी से ना कमाएगा? किसी को कोई अवसर नहीं मिलेगा तो वह चोरी करेगा, डकैती करेगा और जब उसका मन बढ़ जाएगा या उसे कोई ऐसी सीख दे दे, जिससे कि वह आतंकवाद करके भी कमा सके, तो वह भी करेगा। तो यहां मैटर नैतिकता का तो है ही नहीं। इसलिए बेशक हम इन विषयों पर कितनी ही रांद-काट क्यों न मचा लें, दुनिया बिल्कुल ऐसे ही चलती रहेगी, जैसे कि अभी वह चल रही है! पैसा है, तो जीवन है। बाकी जीवन कैसा है, क्या है! फ़िज़ूल है कि सार्थक है। इससे हमको क्या? कोई मतलब नहीं है। और कई बार तो यह सवाल उठाने वाले नैतिकता के कारण नहीं, बल्कि किसी/किन्हीं पैसे वाले के प्रति अपनी ईर्ष्या के कारण भी यह सवाल उठाते हैं! हालांकि यह मेरा किसी पर आरोप नहीं है। लेकिन ऐसा भी होता है। अलबत्ता एक बात और है कि अपने-आप को सही राह से पैसा कमाते हुए, समझते हुए हम किसी ज्यादा पैसा कमाने वाले को आरोपित और लांछित करने के अधिकारी भी हो जाते हैं। ऐसा भी मैं अक्सर पाता हूं। तो कुल मिलाकर स्थिति गड्डमगड्ड है। यद्यपि उपरोक्त तस्वीरें या इससे भी ज्यादा नग्न तस्वीरें, अश्लील तस्वीरें, वीडियो, किताबें, फिल्में आदि हमारी नैतिकता पर एक प्रश्न तो है ही! लेकिन यह प्रश्न खड़े करने वाले हम क्या यह देख पाने में भी सक्षम हैं कि इन तस्वीरों या वीडियो और फिल्मों, या जिसे भी हम अश्लीलता की संज्ञा दे रहे हैं, का आस्वाद दरअसल कौन ले रहा है? यदि हम नहीं ले रहे होते, तो फिर यह दिखती ही क्यों और बिकती भी कैसे? तो बहुत बार हम अपने छुपे हुए चरित्र को नहीं देखते हुए, दिखाई देती हुई चीजों पर आक्रोशित होते हैं। किन्तु मेरी समझ से यही एक अलग और एक्चुअली सबसे बड़ा सवाल यही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

घुटनों पर क्यों आ गए, जो थे कुछ नायाब।
शायद चंदा चौथ का, देख चुके हैं सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद' के नारों से गूंजा शहर

## भाईचारे और सौहार्द के साथ सिमडेगा में निकला मुहर्रम का जुलूस

- युवाओं ने लाठी, तलवार, भाला सहित पारंपरिक शस्त्र-कला का आकर्षक प्रदर्शन किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** जिले में रविवार को मुहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा, अनुशासन और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर में निकले भव्य मुहर्रम जुलूस में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान युवाओं ने पारंपरिक शस्त्र-कला का आकर्षक प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। लाठी, तलवार, भाला एवं अन्य पारंपरिक शस्त्रों के हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं जुलूस के दौरान गूंजते "नारे तकबीर अल्लाहु अकबर", "नारे रिसालत या रसूलल्लाह", "या अली", "या हुसैन" और "इस्लाम जिंदा होता है हर कर्बला के बाद" जैसे नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा।मुहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और कर्बला में शहीद हुए उनके 72 साथियों की कुर्बानी को याद करते हैं। इतिहास के अनुसार मुहर्रम महीने की दसवीं तारीख को कर्बला की जंग में हजरत इमाम हुसैन ने सत्य, न्याय और इस्लाम की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनकी शहादत को याद करते हुए हर वर्ष मुहर्रम पर मातमी जुलूस निकाला जाता है।सिमडेगा में मुहर्रम जुलूस खैरनटोली से प्रारंभ होकर महावीर चौक तक निकाला गया। जुलूस में खैरनटोली मुजाहिद मुहल्ला, ईदगाह मुहल्ला, तालाब मुहल्ला, चट्टान मुहल्ला, आजाद बस्ती, मतरामेटा, पंडरीपानी सहित कुल आठ अखाड़ों के लोग शामिल हुए। सभी अखाड़ों के सदस्य सबसे पहले इस्लामपुर स्थित हारून रशीद चौक पर एकत्रित हुए, जहां से सामूहिक रूप से जुलूस निकाला गया।हाथों में तिरंगा और धार्मिक ध्वज लिए लोग पूरे उत्साह के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए शहर की ओर बढ़े। जुलूस के दौरान जगह-जगह पारंपरिक शस्त्र-कला का प्रदर्शन किया गया। नीचे बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप युवाओं ने लाठी, तलवार और भाले से शानदार करतब दिखाए। गुलजार गली के समीप भी शस्त्र प्रदर्शन किया गया, जहां चर्च रोड अखाड़े के लोग भी जुलूस में शामिल हुए।

### बानो के भुरसाबेड़ा में वज्रपात से युवक की मौत

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत बांकी पंचायत के भुरसाबेड़ा गांव में शनिवार शाम वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भुरसाबेड़ा रामजोल निवासी खादु सिंह के पुत्र विश्वनाथ सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब सात बजे क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए विश्वनाथ सिंह पास में बने पुआल के माचा के नीचे चले गए। इसी दौरान अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।वज्रपात की वजह से पुआल के माचा में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना को जानकारी दी।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, बच्चों को पिलाई गई खुराक

# घर-घर जाकर बच्चों को पिलाएं दो बूंद जिंदगी के : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। सदर अस्पताल स्थित पोलियो बूथ पर उपायुक्त कंचन सिंह, सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन सामद, वरिष्ठ नागरिक राम कैलाश राम तथा अस्पताल के उपाधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का उद्घाटन किया। इसके बाद अतिथियों ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के तहत पहले दिन जिले के सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर जन्म से पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में बस स्टैंड, प्रमुख चौक-चौराहों एवं रेलवे स्टेशन सहित कुल 20 ट्रांजिट प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां यात्रा के दौरान मिलने वाले 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि तीन दिवसीय अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 81,711 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए उपायुक्त के निर्देश पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले में 327 पोलियो बूथ बनाए गए हैं तथा अभियान के सफल संचालन के लिए 1,309 स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं और उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें।



### जिप सदस्य ने की बच्चे को पोलियो दवा खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया.कार्यक्रम मे जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना, विधायक प्रतिनिध जगदीश बागे, बानो मुखिया विश्वनाथ बडाइक, प्रभारी स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन कुमार ने बच्चे को पल्स पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अभियान की सफलता के लिए आज से 30 जून तक 0 से 05 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। तीन दिवसीय इस अभियान में बानो के 0 से 5 वर्ष के 10127 बच्चों को पोलियो की खुराक से आच्छदित करने का लक्ष्य रखा गया हो.बानो में बूथों पर पोलियो से बचाव की दवा पिलाई गयी. 01 जुलाई से डोर टू डोर छुटे हुये लोगो को दवा पिलाई जायेगी।



## 94 बूथों पर बच्चों को पिलाई गई पोलियोरोधी खुराक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को कुरडेग एवं केरसई प्रखंड में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन दोनों प्रखंडों के 94 बूथों पर बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है कि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रहे।कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा, प्रखंड प्रमुख सरस्वती देवी एवं बीडीओ नैमन कुजूर ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर अभियान का उद्घाटन किया। इसके बाद अतिथियों ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिलीप बेहरा ने बताया कि कुरडेग एवं केरसई प्रखंड में अभियान के सफल संचालन के लिए कुल 187 टीमें गठित की गई हैं। दोनों प्रखंडों में कुल 11,647 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि रविवार को बूथ आधारित अभियान के बाद सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। यह अभियान प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पाँच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

### डॉ. देबातोष ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला किया अभियान का शुभारंभ

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देबातोष भूटिया ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक खुराक पिलाकर की। इस अवसर पर समसेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाइक ने भी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान में सहभागिता निभाई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपने सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाने की अपील की। कार्यक्रम में पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा गया कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए, क्योंकि आज के बच्चे ही कल के राष्ट्रनिर्माता हैं।

## किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया

# बिरसा कृषि रथ से किसानों को मिली योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड अंतर्गत पूर्वी टैसेर एवं पश्चिमी तैसर पंचायत के विभिन्न गांवों में रविवार को बिरसा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषि एवं किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान का उद्देश्य किसानों तक सरकारी योजनाओं की सही, समयबद्ध एवं प्रभावी जानकारी पहुंचाना है, ताकि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।बिरसा कृषि रथ के भ्रमण के दौरान किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं, अनुदान, आधुनिक खेती, उद्यानिकी तथा अन्य किसान हितैषी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं से संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया। किसानों को प्रखंड कृषि कार्यालय से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया।अभियान के दौरान किसानों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उन्हें कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।इस जनजागरूकता अभियान में एटीएम (कृषि तकनीकी प्रबंधक), कृषक मित्र, उद्यान मित्र एवं किसान भाई-बंधुओं की सक्रिय भागीदारी रही। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से मिल रही है, जिससे वे समय पर आवेदन कर लाभ प्राप्त करे।

### हैदराबाद में काम करने गया मजदूर रहस्यमय ढंग से लापता

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के भंवर पहाड़ गांव निवासी दुर्गा सिंह हैदराबाद में रहस्यमय ढंग से लापता हो गए हैं। उनकी पत्नी सुधनी देवी ने कोलेबिरा थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पति की तलाश की मांग की है।आवेदन के अनुसार, दुर्गा सिंह 22 जून को गांव के अन्य मजदूरों के साथ हैदराबाद स्थित एक निजी इंफ्रा कंपनी में काम करने गए थे। 24 जून को वहां पहुंचने के बाद सभी लोग आवश्यक सामान खरीदने बाजार गए। इसी दौरान दुर्गा सिंह साथियों से अलग हो गए और फिर वापस नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे परिजन चिंतित हैं।पत्नी ने पुलिस से जल्द पति का पता लगाने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, कोलेबिरा पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

## सोनी पैंकरा ने कांग्रेस पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया

# विकास के मुद्दों को राजनीति से जोड़ना गलत : जिप उपाध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

- भाजपा बैठक में ग्रामीणों ने विधायक के दावे का किया खंडन, कहा- हम भाजपा के साथ हैं

**कुरडेग।** प्रखंड के उरूमकेला गांव में शनिवार को भाजपा की शक्ति केंद्र स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा नेत्री एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक भूषण बड़ा के उस दावे का खंडन किया, जिसमें उन्हें कांग्रेस में शामिल होने की बात कही गई थी।ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने विधायक को गांव की जर्जर सड़क और बिजली की समस्या से अवगत कराने के लिए बुलाया था, लेकिन कुछ लोगों को माला पहनाकर इसे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण का कार्यक्रम बताकर प्रचारित किया गया, जो भ्रामक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे पहले भी भाजपा के साथ थे और आज भी भाजपा के समर्थक हैं।बैठक को संबोधित करते हुए सोनी पैंकरा ने कहा कि विकास कार्यों की मांग को राजनीतिक सदस्यता का रूप देना उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोग अब जागरूक हैं और ऐसे दुष्प्रचार का जवाब देंगे। बैठक में सकल राम बड़ाईक, केश्वर साहू, पद्दू यादव, बुद्धदेव लोहार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यक्रम** धार्मिक और सामाजिक स्थलों के विकास से जुड़ता है समाज : भूषण बाड़ा

# जतरा टोंगरी में विधायक मद से चबूतरे का शिलान्यास

- सड़क, पुल और बिजली के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास पर भी जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**पाकरटांड़।** प्रखंड के नानेसेरा जतरा टोंगरी में विधायक मद से बनने वाले चबूतरे का शिलान्यास रविवार को विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी, महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत फादर अगुस्टीन तिर्की, फादर विकास बाड़ा, फादर जुगल किशोर लकड़ा एवं फादर नेलशन टोप्पो के सामूहिक प्रार्थना के साथ हुई। इसके बाद आशीष जल का छिड़काव कर शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न कराया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक स्थलों का विकास समाज को जोड़ने का कार्य करता है। जतरा टोंगरी मसीही समाज की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है और यहां चबूतरे के निर्माण से धार्मिक कार्यक्रमों, सामुदायिक बैठकों तथा विभिन्न आयोजनों के संचालन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जनता की जरूरतों के अनुरूप विधायक मद की राशि का उपयोग किया जा रहा है ताकि गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो सके। विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता केवल सड़क, पुल और बिजली तक सीमित नहीं है बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्थलों का संरक्षण एवं विकास भी उतना ही आवश्यक है। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि यहां चबूतरा बनने के बाद स्थानीय लोगों को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना भी है और काम विधायक भूषण बाड़ा लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और आगे भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, क्लेमेंट लकड़ा सहित बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी, महिलाएं, पुरुष एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### हकलाने वालों में आत्मविश्वास बढ़ाने पर रहा जोर, दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**सिमडेगा।** शांति भवन मेडिकल सेंटर, बिरू में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए हकलाने वाले प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बोलने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। साथ ही रोल प्ले, समूह चर्चा, ओपन माइक और सार्वजनिक स्थानों पर बोलने जैसी गतिविधियों के माध्यम से उनका आत्मविश्वास बढ़ाने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया।कार्यशाला में वरिष्ठ सदस्यों और स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि हकलाना किसी व्यक्ति की क्षमता में बाधा नहीं है। उन्होंने प्रतिभागियों को शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला से मिली अपनी प्रमुख सीख साझा की। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव तथा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली निशा मैम और कविता मैम को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह संगठन हकलाने वाले लोगों को निःशुल्क मार्गदर्शन, अभ्यास और सहयोग उपलब्ध कराता है।

### ठेठईटांगर के शिव मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव संपन्न

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के टापूडेगा करंजटोली स्थित शिव मंदिर का तीन दिवसीय तृतीय वार्षिक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में यजमान के रूप में कुलदीप प्रसाद साहू एवं उनकी पत्नी ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य पुरोहित अनुराग पाठक जी महाराज ने प्रकाश कुमार मिश्रा, देवेंद्र पाठक और आयुष पाठक के सहयोग से विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना एवं अनुष्ठान संपन्न कराया।महोत्सव में जलडेगा, पोमिया, रामदेव, गिनडरा, जांमबहार, दवाईपानी सहित विभिन्न क्षेत्रों की कीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुलदीप प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता, सुबोध महतो, शुकरा महतो, रितिका कुमारी, दीपिका कुमारी सहित मंदिर समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बोलबा में करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत, मरम्मत कार्य के दौरान हुआ हादसा



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के बरघाट गांव में शनिवार को बिजली मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से बिजली मिस्त्री प्रमोद मिंज की मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।मिली जानकारी के अनुसार, प्रमोद मिंज कादोपानी क्षेत्र में बिजली विभाग के लिए कार्यरत थे। शनिवार दोपहर बरघाट गांव में पावर हाउस से शटडाउन लेने के बाद वे टूटे हुए बिजली के तार को जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक लाइन में बिजली आपूर्ति चालू हो गई, जिससे वे तेज करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों और विभागीय कर्मियों की मदद से उन्हें तत्काल राउरकेला स्थित आईजीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।बताया जाता है कि प्रमोद मिंज को बिजली विभाग की ओर से कादोपानी क्षेत्र में कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक 12 जुलाई को

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक आगामी 12 जुलाई को होगी। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव तौकीर उस्मानी ने बताया कि सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक इस बार एसोसिएशन के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव के कुरडेग स्थित फार्म हाउस में 12 जुलाई को सुबह 11:30 बजे होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में पिछले एजीएम की कार्यवाही की पुष्टि करने और आय व्यव का ब्यौरा पेश करने साथ साथ सिमडेगा जिले में क्रिकेट के विकास सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए। आगामी वर्ष के कार्यों और खेल आयोजन की रूपरेखा तैयार किए जाएंगे। उन्होंने इस बैठक में एसोसिएशन के सभी मेंबर्स को शामिल होने की अपील की है।

### कोनमेंजरा में ग्रामसभा का आयोजन, पेसा नियमावली पर ग्रामीणों को किया जागरूक

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोनमेंजरा पंचायत स्थित बाजार टांड़ में रविवार को खड़िया पारंपरिक व्यवस्था ढोकलो सोहोर की अध्यक्षता में पारंपरिक ग्राम सभा आयोजित हुई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पेसा नियमावली 2025, ग्राम सभा के अधिकारों एवं स्वशासन व्यवस्था पर चर्चा की। राज्य स्तरीय प्रशिक्षक सह भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की, अधिवक्ता सुशील सोरेंग एवं अधिवक्ता जॉन एलविस कुल्लू ने ग्रामीणों को पेसा नियमावली के प्रावधानों, अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा की संवैधानिक शक्तियों तथा स्थानीय संसाधनों के संरक्षण की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि पेसा नियमावली का उद्देश्य ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना है। साथ ही ग्रामीणों से अफवाहों और भ्रामक प्रचार से बचते हुए केवल सरकार द्वारा जारी आधिकारिक निर्देशों के अनुसार ग्राम सभा का संचालन करने की अपील की। अंत में ग्राम सभा ने पेसा नियमावली 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित बैठकों एवं ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**बानो।** बानो प्रखंड के बिरता झिरगा टोली में महाबुआंग पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी पंकज प्रमाणिक ने ग्रामीणों को नशापान, बाल विवाह, डायन प्रथा, साइबर अपराध तथा गांव में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशापान से परिवार और समाज दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। लोगों से हड़िया और शराब का सेवन तथा निर्माण नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि इससे परिवार बिखर जाता है और जीवन बर्बाद हो जाता है। उन्होंने बाल विवाह रोकने तथा युवाओं से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की अपील की। साइबर अपराध के संबंध में उन्होंने कहा कि किसी भी अजनबी व्यक्ति के साथ अपना व्यक्तिगत डेटा, ओटीपी, एटीएम पिन या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें और लॉटरी या इनाम के झांसे में न आएं। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल थाना को सूचना देने की अपील की। अभियान में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

### बानो व कोलेबिरा में सुनी गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात

**कोलेबिरा।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण रविवार को बानो एवं कोलेबिरा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। मुख्य कार्यक्रम बानो प्रखंड के समडेगा क्षेत्र में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा मिश्रा, मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक, रेनू बड़ाइक सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों के महत्व की जानकारी दी गई। मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने कहा कि मन की बात समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला कार्यक्रम है और सभी नागरिकों को अपने आवश्यक दस्तावेज समय पर बनवाने चाहिए। वहीं सुषमा मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम जनजागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

### एनसीईआरटी संचालित मंच से शिक्षकों को प्रशिक्षण और प्रमाणित पाठ्यक्रम भी मिलेंगे

# दीक्षा बना बच्चों के लिए डिजिटल शिक्षा मंच : केंद्र

- कई भाषाओं में डिजिटल लर्निंग रिसोर्स उपलब्ध कराने का मंच
- समावेशी एवं तकनीक आधारित शिक्षा को मिलता है बढ़ावा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि नॉलेज शेयरिंग प्लेटफॉर्म 'दीक्षा' स्कूली शिक्षा के लिए "एक देश, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म" बनकर उभरा है। यह कई भाषाओं में पाठ्यक्रम से जुड़े डिजिटल लर्निंग रिसोर्स उपलब्ध कराता है और पूरे भारत में छात्रों और शिक्षकों के लिए समावेशी और टेक्नोलॉजी आधारित सीखने को बढ़ावा देता है। दीक्षा को 2017 में शुरू किया गया था और इसे नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) द्वारा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी (सीआईईटी) के सहयोग से चलाया जा रहा है। सरकार ने इस प्लेटफॉर्म को स्कूली शिक्षा के लिए देश का "वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफॉर्म" बताया है, जिसका मकसद डिजिटल माध्यमों से पढ़ाई-लिखाई को जारी रखना है।सरकार के अनुसार, दीक्षा के-12 के लिए व्यापक डिजिटल लर्निंग सपोर्ट देता है, जिसमें बुनियादी साक्षरता और अंक-ज्ञान से लेकर सीनियर सेकेंडरी शिक्षा तक सब कुछ शामिल है। इस प्लेटफॉर्म को लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा बोर्ड ने अपनाया है और इसे क्षेत्रीय भाषाओं, पाठ्यक्रम और पढ़ाने के तरीकों की जरूरतों के हिसाब से बदला जा सकता है।सरकार ने कहा कि दीक्षा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के जरिए आसानी से उपलब्ध, दिलचस्प और हर किसी की जरूरत के हिसाब से सीखने के अनुभव को बढ़ावा देता है। यह प्लेटफॉर्म कॉन्सेप्ट की समझ बेहतर बनाने और सीखने के अलग-अलग तरीकों में मदद करने के लिए कई तरह के एजुकेशनल रिसोर्स देता है जिसमें 2डी और 3डी एनिमेशन, ऑगमेंटेड रियलिटी अनुभव, सिमुलेशन, वर्चुअल लैब और साइन लैंग्वेज वीडियो शामिल हैं।



### शिक्षकों के लिए प्रमाणित प्रशिक्षण उपलब्ध

यह प्लेटफॉर्म अभ्यास प्रश्नों, अनुकूली मूल्यांकन, योग्यता-आधारित प्रश्न बैंकों और विस्तृत समाधानों के माध्यम से व्यक्तिगत शिक्षण को बढ़ावा देता है, जो सीखने की कमियों की पहचान करने और समय पर हस्तक्षेप करने में सहायक होते हैं। यह एनआईएसएचटीएचए और राज्य-विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षक व्यावसायिक विकास के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भी कार्य करता है, और शिक्षकों के लिए स्व-गति से प्रमाणित पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

### राज्यों को सामग्री प्रबंधन की सुविधा

सरकार ने कहा कि दीक्षा एक संघबद्ध संरचना पर काम करता है जो भाग लेने वाले संस्थानों और राज्यों को क्षेत्रीय भाषाओं में शैक्षिक सामग्री को स्वतंत्र रूप से अपलोड और प्रबंधित करने की अनुमति देता है। यह विकेंद्रीकृत मॉडल निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर सीआईईटी-एनसीईआरटी द्वारा आवधिक सत्यापन के माध्यम से गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए सामग्री के स्थानीयकरण को सक्षम बनाता है।

# नालंदा विवि ने शास्त्रार्थ की प्राचीन परंपरा को फिर जीवंत किया : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे अपने लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों और दुनियाभर में बसे भारतीयों को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का भी जिक्र किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय ने शास्त्रार्थ की हमारी प्राचीन परंपरा को फिर से जीवंत किया है। शास्त्रार्थ केवल अपनी बात रखने का माध्यम नहीं है। ये वाद-संवाद और मंथन की एक अनुशासित प्रक्रिया है। इसमें तर्क के साथ, तथ्य के साथ, अपनी बात कहना बहुत जरूरी होता है और उसमें आपकी महारत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरों के विचारों को धैर्य से सुनने और समझने की सीख भी इस शास्त्रार्थ की प्रक्रिया से मिलती है। मुझे खुशी है कि नालंदा विश्वविद्यालय ने इसे अपने दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनाया।इससे पहले 19 जून 2024 को भी बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि नालंदा केवल एक नाम नहीं है, यह एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा मूल है और मंत्र भी है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि ज्ञान नष्ट नहीं हो सकता, भले ही पुस्तकें आग में जल जाएं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नवीन नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना भारत के स्वर्ण युग का शुभारंभ करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि नालंदा के प्राचीन अवशेषों के निकट इसका पुनरुद्धार विश्व को भारत की क्षमताओं से परिचित कराएगा। इससे विश्व को यह जानकारी मिलेगी कि प्रबल मानवीय मूल्यों वाले राष्ट्र, इतिहास का कायाकल्प करके एक बेहतर विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं।उन्होंने कहा था नालंदा में विश्व, एशिया और कई देशों की विरासत समाहित है और इसका पुनरुद्धार सिर्फ भारतीय पहलुओं के पुनरुद्धार तक सीमित नहीं है। वहीं, प्रधानमंत्री ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली में स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक प्रोग्राम शुरू करने जा रही है। ये आधुनिक टेक्नोलॉजी को भारत के पारंपरिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे भारतीय भाषाओं के लिए नए अल टूल्स तैयार करने में मदद मिलेगी।



- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एआई और डेटा साइंस में बीटेक शुरू होने का किया गया स्वागत

### मन की बात हर बार नई जानकारी, नया उत्साह और नई प्रेरणा लेकर आता है : नितिन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें एपिसोड का देशभर में प्रसारण हुआ। इस अवसर पर दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यक्रम को सुना और इसे देशवासियों तक पहुंचने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देशभर में हो रही सकारात्मक पहलों को एक मंच प्रदान करता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस बार प्रधानमंत्री ने 'कैच द रेन' अभियान के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया है। इसे जलवायु संरक्षण और जल संकट से निपटने की दिशा में बेहद अहम पहल बताया। 'मन की बात' हर बार नई जानकारी, नया उत्साह और नई प्रेरणा लेकर आता है, जिससे भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के लोग भी नागरिकों के स्वैच्छिक प्रयासों से परिचित होते हैं। उनके अनुसार, ये पहल समाज को प्रेरित करने का कार्य करती हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने खेलों के क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री की सोच की सराहना करते हुए कहा कि 'खेलो इंडिया' अभियान को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका परिणाम है कि आज देश के युवा बड़ी संख्या में खेलों में हिस्सा ले रहे हैं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी 'मन की बात' की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम देश के हर नागरिक को प्रेरित करता है और उनमें आत्मविश्वास जगाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधन में आम लोगों के उल्लेखनीय कार्यों को सामने लाते हैं।

### अगर पान मसाला और गुटखा में नशीले पदार्थ पाए गए तो लगेगा बैन : डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कड़ी चेतावनी दी है कि अगर कर्नाटक में बिकने वाले किसी भी तरह के पान मसाला और गुटखा में थोड़ी भी मात्रा में नशीले पदार्थ पाए गए, तो उनकी बिक्री पर रोक लगा दी जाएगी।

रविवार को बेंगलुरु के कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में आयोजित राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरजीयूएचएस) के 31वें स्थापना दिवस समारोह और 'नशा मुक्त भारत अभियान' कार्यक्रम में बोलते हुए शिवकुमार ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि पान मसाला, गुटखा, सुपारी से बने उत्पादों और ऐसी ही दूसरी चीजों में नशीले पदार्थ मिलाकर बाजार में बेचे जा रहे हैं। अगर यह सच है और इसे तुरंत नहीं रोका गया, तो कर्नाटक में सभी तरह के पान मसाला और गुटखा उत्पादों की बिक्री पर बैन लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य नशा-मुक्त कर्नाटक बनाना है। इसीलिए हम ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। 'नशा मुक्त भारत' अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। आप सभी इस मिशन के एंबेसडर हैं। नशीली दवाओं की लत को रोकना एक बड़ी चुनौती है, और हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि युवा पीढ़ी नशे की लत के जाल में न फंसे। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। लोगों की जान बचाने जैसे नेक काम को चुनने के लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज देश की सबसे बड़ी हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी है और इसने सबसे ज्यादा डॉक्टर तैयार किए हैं। कर्नाटक में 70 मेडिकल कॉलेज हैं, जो भारत के किसी भी अन्य राज्य से ज्यादा हैं। मैं राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज की स्थापना के लिए वीरप्पा मोइली का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। बेंगलुरु का मौसम देश में कहीं और नहीं मिलता, इसीलिए इसे अक्सर 'एयर-कंडीशंड शहर' कहा जाता है।

# डॉ. महरंग की सजा के खिलाफ बलोचिस्तान में प्रदर्शन जारी

**फैसला सुनाने वाला जज पदोन्नत**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्वेटा के एंटी-टेररिज्म कोर्ट के लापता बलोचों की आवाज उठाने वालीं डॉ. महरंग बलोच और सिबघतुल्लाह शाह को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के फैसले के खिलाफ बलोचिस्तान में प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच फैसला सुनाने वाले जज मोहम्मद अली मुबीन को बलोचिस्तान उच्च न्यायालय में जज के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश को मंजूरी प्रदान की गई है। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों का दावा है कि एक सरकारी एजेंसी ने इस बारे में प्रांतीय सरकार और बलोचिस्तान उच्च न्यायालय को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें जज मोहम्मद अली मुबीन को उच्च न्यायालय में पदोन्नत करने की सिफारिश की गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रांतीय सरकार इस प्रस्ताव पर सहमत हो गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, बलोचिस्तान उच्च न्यायालय के कुछ वरिष्ठ जजों ने एक कनिष्ठ जज को पदोन्नत करने पर एतराज जताया है। दूसरी ओर, सूत्रों का कहना है कि बलोचिस्तान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश इस फैसले से सहमत हैं। अगले कुछ दिनों में बलोचिस्तान उच्च न्यायालय मोहम्मद अली मुबीन समेत कई दूसरे जजों को न्यायमूर्ति के तौर पर नियुक्त करने के लिए अधिसूचना जारी कर सकता है। सनद रहे, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुनीर कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर यह आशंका जताई थी कि डॉ. महरंग बलोच और सिबगतुल्लाह शाह को सजा सुनाने वाले जज मोहम्मद अली मुबीन को बलूचिस्तान उच्च न्यायालय में जज बनाया जा सकता है। बलोच सॉलिडेरिटी कमेटी की नेता डॉ. महरंग बलोच को ग्वादर विरोध प्रदर्शन के दौरान एक सैनिक की मौत के मामले में आतंकवाद और देशद्रोह का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।



### अमरावती में ट्रक से टकराई कार, एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती में रविवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अमरावती के धामणगांव रेलवे तहसील से गुजरने वाले समृद्धि महामार्ग पर यह भीषण हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, नागपुर से मुंबई की ओर जा रही एक कार तेज रफ्तार ने सामने चल रहे ट्रक को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक छोटी बच्ची शामिल है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी मृतक चंद्रपुर जिले के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। हादसे के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ।

# अस्पतालों, किसानों और जरूरी सेवाओं को कंटेनरों में मिलेगा ईंधन : सीएम सुवेंदु

- सरकार ने प्रमुख तेल कंपनियों को आवश्यक क्षेत्रों को छूट देने के निर्देश दिए

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को राज्य के कई अहम और आपातकालीन क्षेत्रों को बड़ी राहत देते हुए कंटेनरों में डीजल की आपूर्ति पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध में ढील देने का ऐलान किया। यह राहत स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि, खाद्य आपूर्ति, सार्वजनिक सेवाओं और चाय बागानों जैसे आवश्यक क्षेत्रों को दी गई है।

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने रविवार सुबह एक बयान जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का आधिकारिक आदेश भी साझा किया, जिसमें इन जरूरी क्षेत्रों को ईंधन संबंधी प्रतिबंधों से छूट देने की जानकारी दी गई। अपने बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम लोगों का दैनिक जीवन, आपातकालीन सेवाएं और राज्य की अर्थव्यवस्था बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा, "हाल ही में कंटेनरों में डीजल की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिससे हमारे मेहनतकश किसान भाइयों, विभिन्न अस्पतालों और आपातकालीन सेवाएं देने वाले संगठनों को कामकाज में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने तुरंत हस्तक्षेप किया।"मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके बाद राज्य सरकार ने प्रमुख तेल कंपनियों को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि, खाद्य आपूर्ति, सार्वजनिक सेवाओं और चाय बागानों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को ईंधन प्रतिबंध के नियमों से पूरी तरह छूट दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब इन आवश्यक विभागों से जुड़े व्यक्ति, संस्थाएं और ग्राहक आसानी से कंटेनर या बैरल में डीजल खरीदकर ले जा सकेंगे। साथ ही ऐसे उपभोक्ताओं को प्रतिदिन दिए जाने वाले डीजल की अधिकतम सीमा में भी राहत दी गई है।



## आज कल





**राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस** प्रो. पीसी महालनोबिस का क्या था योगदान

# कैंब्रिज प्रवास ने बदली महालनोबिस की वैज्ञानिक सोच

- महरंग सहित कई बलूच नेताओं के मौलिक अधिकारों पर चिंता जताई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस हर साल 29 जून को मनाया जाता है। यह दिवस 'भारतीय सांख्यिकी के जनक' कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। महालनोबिस का जन्म 29 जून 1893 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि महालनोबिस का उपनाम भी डाटा प्रबंधन की ऐतिहासिक गवाही देता है। मुगलकाल में प्रशासनिक राजस्व इकाइयों को 'महल' कहा जाता था और उनके हिसाब-किताब के लेखक को फारसी में 'नवीस' कहा जाता था। इन दोनों शब्दों के संयोजन से 'महालनोबिस' उपनाम की उत्पत्ति हुई, जिसका अर्थ भूमि रिकॉर्ड रखने वाला मुंशी है। नियति ने मानो पहले ही निर्धारित कर दिया था कि वे स्वतंत्र भारत के सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के प्रमुख लेखाकार बनेंगे। आधुनिक भारतीय सांख्यिकी प्रणाली के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस जून 1913 में लंदन जाने वाली ट्रेन छूट जाने के कारण समय व्यतीत करने हेतु कैंब्रिज विश्वविद्यालय के किंग्स कॉलेज पहुंचे। बाद में उन्होंने वहां से भौतिकी और गणित में उच्च शिक्षा प्राप्त की। जुलाई 1915 में भारत लौटने की तैयारी के समय प्रथम विश्व युद्ध के कारण उनकी समुद्री नाव में विलंब हो गया।




### साक्ष्य आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा

देश के नियोजन ढांचे को मजबूत करने में उनके ऐतिहासिक योगदान के सम्मान में प्रतिवर्ष जून 29 को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। 29 जून को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस की आधिकारिक विषयवस्तु 'प्रशासनिक डेटा की क्षमता को अनलॉक करना' निर्धारित की गई है। यह विषय सरकारी विभागों द्वारा संकलित किए जाने वाले प्रशासनिक आंकड़ों की गुणवत्ता, को बढ़ाने पर केंद्रित है ताकि साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णय लिए जा सकें।

## दृष्टिपात

### ममता बनर्जी के वफादारों पर चुन-चुनकर की जा रही है कार्रवाई: कुणाल घोष



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक कुणाल घोष ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में चल रही अंदरूनी खींचतान के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताया हैं। उन्होंने दावा किया कि ममता बनर्जी के प्रति वफादार नेताओं और विधायकों को पुराने मामलों और अन्य आरोपों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है, जबकि दूसरे खेमे के नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कोलकाता में मीडिया से बातचीत के दौरान कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी के भीतर जो विवाद सामने आ रहे हैं, वे पूरी तरह आंतरिक मामले हैं। जिन लोगों की ओर से आरोप लगाए जा रहे हैं और जिन समितियों या संगठनों की आलोचना की जा रही है, उनमें शामिल कई लोग स्वयं उन्हीं संस्थाओं के पदाधिकारी हैं। ऐसे में यह पूरा विवाद विरोधाभासी और भ्रम की स्थिति पैदा करने वाला है।इस दौरान कुणाल घोष ने रितब्रता से जुड़े कथित विवादों का भी जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने इस मामले में लगाए गए आरोपों को लेकर कोई ठोस टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि इन मुद्दों को लेकर राजनीतिक माहौल बनाया जा रहा है।कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के साथ मजबूती से खड़े नेताओं को गिरफ्तार कर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की उस धारा को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे ममता बनर्जी ने स्वयं खड़ा किया था।

### 'हमें बराबर का सम्मान व हिस्सेदारी चाहिए', यूपी में गठबंधन में कांग्रेस ने उठाई मांग



**नई दिल्ली।** आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की चर्चाओं के बीच बड़ी मांग की है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि गठबंधन की स्थिति में हमें बराबर का सम्मान और हिम्मेदारी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने पंजाब में अरविंद केजरीवाल की नई घोषणा पर भी जवाब दिया है।राजेंद्र पाल गौतम ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "चुनाव की तैयारी पूरे उत्तर प्रदेश में चल रही है। गठबंधन की बात पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेगा। अगर गठबंधन होता है तो वह सम्मानजनक होगा। हमें बराबर का सम्मान और हिस्सेदारी चाहिए।"अरविंद केजरीवाल की अमृतसर में माता सीता और लव-कुश का मंदिर बनवाने की घोषणा पर राजेंद्र पाल गौतम ने कहा, "केजरीवाल मेरे पुराने साथी हैं और मैं उनकी असलियत अच्छी तरह जानता हूं। वह भाजपा के लिए काम करेंगे और भाजपा जितना चाहेगी, उतना ही बोलेंगे। उससे अधिक बोलने की उनकी हिम्मत नहीं है। भाजपा अब आम आदमी पार्टी को खत्म नहीं करेगी। वह चाहती है कि ऐसी छोटी-छोटी पार्टियां बनी रहें और वोट काटती रहें, क्योंकि पूरा देश कांग्रेस की ओर देख रहा है। भाजपा खत्म न हो, इसलिए भाजपा थिंकटैंक ने सोच लिया है कि ऐसी छोटी पार्टियों को जिंदा रखो।

### अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 11 करोड़ का गांजा बरामद, बैंकाक से आया यात्री गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से 10.91 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 11 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मामले में आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। कस्टम अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई रविवार को अहमदाबाद कस्टम की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने की। आरोपी यात्री गुजरात के जूनागढ़ जिले के मंगरोल का रहने वाला है और वह थाई एयरवेज की फ्लाइट टीजी-343 से बैंकॉक से अहमदाबाद पहुंचा था। जांच के दौरान यात्री के चेक-इन सामान की तलाशी ली गई। इसके बाद बैगेज टैग के आधार पर यात्री की पहचान कर उसे रोका गया। अधिकारियों ने जब उसके ट्रॉली बैग की गहन जांच की तो उसमें छिपाकर रखे गए चांदी रंग के पांच पॉलीथीन पैकेट मिले। इन पैकेटों में हरे रंग का पौधेनुमा पदार्थ भरा हुआ था। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर यह हाइड्रोपोनिक गांजा निकला। कस्टम अधिकारी ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ का कुल शुद्ध वजन 10,911 ग्राम है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 11 करोड़ रुपए है।

### कांग्रेस में जोश की कमी, अब तक जनादेश न आना राहुल की असफलता: शर्मिष्ठा मुखर्जी



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान में अपने दम पर सरकार बनाने का जोश दिखाई नहीं देता है। इसके साथ ही, शर्मिष्ठा ने राहुल गांधी को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में 2029 के चुनावों को लेकर शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा, "मैं राजनीतिक अटकलें बिल्कुल नहीं लगाना चाहूंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटें जीती। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी और उसका एक अच्छा परिणाम आया। दुर्भाग्य यह है कि राहुल गांधी कुछ कार्यक्रम करते हैं, मगर उसके बाद वह फिर गायब हो जाते हैं।"उन्होंने आगे कहा, "राजनीति 24 घंटा और 365 दिनों का काम है। आप आएं और दो दिन बाद फिर कहीं चले जाएं। कुछ रैलियां करें और लोगों से मिलें, फिर गायब हो जाएं। इस तरह से राजनीति नहीं होती है। आम चुनावों के अलावा भी राज्यों के चुनाव होते हैं। आप सिर्फ गठबंधन करके जीत नहीं सकते हैं।

### कराची आतंकी हमले के आरोपों पर भारत का जवाब, कहा-खुद के भीतर झांके पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** भारत ने कराची में हुए हालिया आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। भारत ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। इसके साथ ही नसीहत दी है कि पाकिस्तान अपने देश से संचालित आतंकी ढांचे को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करे। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने अंदर झांकना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े मीडिया के सवालों के जवाब में आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने कराची में हाल ही में हुई घटना को लेकर भारत के खिलाफ लगाए गए पाकिस्तान के आरोपों वाली रिपोर्टें देखी हैं। हम इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने अंदर झांकना चाहिए, अपनी जमीन पर मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए और आतंकवाद को राज्य की नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने की अपनी प्रवृत्ति को समाप्त करना चाहिए।

### राम मंदिर मामला: पुलिस ने टिन्नू यादव के घर से आभूषण और दस्तावेज बरामद किए गए

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावे और दान की कथित हेराफेरी के मामले में गिरफ्तार आठों आरोपियों के घरों पर रविवार को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। शुक्रवार को आठों आरोपियों को तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वे 29 जून तक जेल में रहेंगे और सोमवार को उन्हें दोबारा स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंदिर प्रबंधन से जुड़े आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव के घर से कुछ नकदी और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। पुलिस रविवार शाम तक सभी आरोपियों के घरों से बरामद सामान का आकलन पूरा करेगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किसके घर से क्या-क्या मिला है। इसके बाद देर रात जांच अधिकारी यह तय करेंगे कि सोमवार को अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों की दोबारा पुलिस रिमांड मांगी जाए या नहीं।

# दंगवार बाजार में छह लाख के जेवर लूटने की कोशिश नाकाम

## ज्वेलर्स से बैग झपटकर भाग रहे दो बदमाशों में एक को लोगों ने दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार मुख्य बाजार में शनिवार की देर शाम स्थानीय लोगों की सतर्कता और साहस से करीब छह लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूटने की कोशिश विफल हो गई। बाइक सवार दो बदमाशों ने ज्वेलर्स से जेवरों से भरा बैग झपटकर फरार होने का प्रयास किया, लेकिन लोगों ने पीछा कर एक आरोपी को पकड़ लिया। उसका साथी बाइक समेत मौके से भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, दंगवार मुख्य बाजार स्थित मां शांति ज्वेलर्स के संचालक श्रवण सोनी शनिवार शाम करीब सात बजे दुकान बंद कर अपने पुत्र अंश कुमार सोनी के साथ जेवरों से भरा बैग लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार दो युवकों ने अंश कुमार के हाथ से बैग झपट लिया और भागने लगे। घटना के तुरंत बाद अंश कुमार ने बदमाशों का पीछा किया। शोर सुनकर स्थानीय युवक बबलू समेत अन्य लोगों ने साहस का परिचय देते हुए एक आरोपी को दबोच लिया।




### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

घटना की सूचना मिलते ही दंगवार ओपी पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह ने गिरफ्तार युवक को हिरासत में लेकर हुसैनाबाद थाना भेज दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। घटना के बाद कुछ समय के लिए बाजार में दहशत का माहौल रहा। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से लाखों रुपये मूल्य के आभूषण सुरक्षित बच गए। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी की सुरक्षा हटाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत : रंजन कुमार दुबे

**चैनपुर।** प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे ने झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा (अंगरक्षक) वापस लिए जाने के निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार मुखर होकर आवाज उठाने वाले पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा हटाना गंभीर सवाल खड़े करता है। रंजन कुमार दुबे ने कहा कि सरकार को आलोचनाओं का जवाब लोकतांत्रिक संवाद, पारदर्शिता और जनहितकारी निर्णयों के माध्यम से देना चाहिए, सुरक्षा वापस लेकर नहीं। उन्होंने राज्य सरकार से इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करते हुए पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी की सुरक्षा शीघ्र बहाल करने की मांग की।

## दृष्टिपात

### छिपादोहर स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से सहयोगी शिक्षक की मौत



**बरवाडीह।** सीआईसी सेक्शन के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड स्थित छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक सहयोगी शिक्षक की मौत हो गई। हादसा पोल संख्या 248/16 के पास हुआ। मृतक की पहचान मैक्लुस्कीगंज स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, निद्रा के सहयोगी शिक्षक सुनील कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही छिपादोहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेने के लिए राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सूचना दी गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित सदर अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि सुनील कुमार पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। हालांकि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। छिपादोहर थाना प्रभारी याकिन अंसारी के नेतृत्व में चल रही जांच टीम में सब इंस्पेक्टर आर.के. मिंज, हेड कांस्टेबल जे.के. मीणा, कांस्टेबल रामभरोसी मीणा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के लोगों में शोक का माहौल है।

### राशन और पेंशन से वंचित विधवा को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**महुआडांड़।** प्रखंड की दुरुप पंचायत के पुरानडीह गांव निवासी आदिम जनजाति समुदाय की विधवा संचारिया देवी को जल्द ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। राशन और विधवा पेंशन से लंबे समय से वंचित संचारिया देवी के मामले में लातेहार के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सैयद रियाज अहमद ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया है। संचारिया देवी, स्वर्गीय मार्शल बृजिया की पत्नी हैं। आर्थिक तंगी के कारण उन्हें लंबे समय से राशन कार्ड और विधवा पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिससे उनके समक्ष रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीडीसी सैयद रियाज अहमद ने कहा कि महिला से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां जुटाई जा रही हैं। प्रशासन पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है। यदि जांच में महिला पात्र पाई जाती हैं तो उन्हें राशन, विधवा पेंशन सहित सरकार की सभी संबंधित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल तथ्य जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है। डीडीसी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। डीडीसी के आश्वासन के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि संचारिया देवी को शीघ्र ही राशन, पेंशन एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### टॉपर स्टूडेंट सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**चंदवा।** आइडियल कोचिंग सेंटर, सासंग में रविवार को टॉपर स्टूडेंट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। 10वीं की टॉपर प्रिया कुमारी, जानू कुमारी एवं प्रांजल कुमारी तथा 12वीं की टॉपर ईशा कुमारी, जयंती कुमारी और पूनम कुमारी सहित सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कोचिंग सेंटर के प्रबंधक पवन कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों के समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह, शिक्षक अवधेश यादव, विनीत कुमार, विजय यादव सहित अन्य शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य बूथों पर बच्चों को पिलाई गई जीवनरक्षक दवा

**हेरहंज।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के तहत रविवार को पुरनी हेरहंज आंगनबाड़ी केंद्र में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत शिक्षक मिथिलेश कुमार गुप्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा कुमारी ने की। इस दौरान बबीता देवी, अनमोल कुमार, पल्लवी रानी एवं माही कुमारी ने अभियान के संचालन में सहयोग किया।

### समाजसेवी हाजी शेख कलीमुद्दीन का मुंबई में निधन

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ के पिता तथा कबरा खुर्द गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी हाजी शैख कलीमुद्दीन का रविवार को मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। हाजी शैख कलीमुद्दीन अपनी सादगी, मिलनसार व्यक्तित्व और धर्मनिरपेक्ष सोच के लिए जाने जाते थे। वे सभी धर्मों और समुदायों के लोगों का समान सम्मान करते थे तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। परिजनों ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर सोमवार, 29 जून को पैतृक गांव कबरा खुर्द लाया जाएगा।

## लटके 11 हजार वोल्ट के तार बने हादसे का कारण

- ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पोल और बिजली तारों की मरम्मत कराने की उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के कवल-भितिहरवा गांव में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन वर्षों से नीचे लटकी हुई है। कई स्थानों पर बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से इस समस्या की जानकारी बिजली विभाग को दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर विभागीय कर्मी केवल आश्वासन देकर टाल देते हैं और कहते हैं कि उन्हें उच्च अधिकारियों से निर्देश नहीं मिला है। ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी एवं बिजली विभाग से लटके हुए तारों और क्षतिग्रस्त पोलों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, प्रवीण कुमार, रामजी यादव, पिंटू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जैक सचिव की नियुक्ति में विलंब पर शिक्षकों ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रधानाचार्यों और शिक्षक प्रतिनिधियों की राज्यस्तरीय बैठक में जैक सचिव की नियुक्ति में हो रही देरी सहित चार सूत्री मांगों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसबीएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि एक माह बीत जाने के बावजूद जैक सचिव की नियुक्ति नहीं होने से स्कूलों और कॉलेजों के कई महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़े हैं। प्रस्वीकृति, छात्र सत्यापन, शासी निकाय का गठन, निरीक्षण दल का गठन सहित अनेक प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों और विद्यार्थियों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा नियुक्ति संबंधी संचिका मुख्यमंत्री कार्यालय भेजे जाने के बाद भी अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। यदि पांच दिनों के भीतर सचिव की नियुक्ति नहीं होती है तो 5 जुलाई को जनहित याचिका दायर की जाएगी। बैठक में अनुदान समिति की बैठक शीघ्र बुलाने तथा लंबित मामलों का 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने की भी मांग की गई। अन्यथा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई। बैठक में शिक्षक नेता रघुनाथ सिंह, गणेश महतो, डॉ. देवनाथ सिंह, मनोज तिर्की, नरोत्तम सिंह, दिलीप घोष, पशुपति महतो, संजय कुमार, विनय उरांव, दिनेश प्रसाद, उदय यादव, फजलुल कदीर अहमद सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता चंदेश्वर पाठक तथा संचालन गणेश महतो ने किया।

## तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 24 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज (पलामू)।** तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड में किया गया। अभियान के पहले दिन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज में बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने अभिभावकों से अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद ने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड में कुल 24 हजार बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए 15 सुपरवाइजर की तैनाती की गई है तथा 130 बूथ बनाए गए हैं। बीडीओ के निर्देशन में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सभी टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार दास, प्रभारी बीपीएम दीपक कुमार, एएनएम सुमन कुमारी, करिश्मा कुमारी, एमपीडब्ल्यू प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, बीटीटी निर्मला शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पत्रकार के पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व समाजसेवी

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार सिन्हा के पिता का शनिवार शाम उनके पैतृक गांव पिपरा (कुटुंबा थाना क्षेत्र) में निधन हो गया। रविवार को आयोजित अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों और स्थानीय लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, समाजसेवी शशिरंजन सिंह उर्फ पप्पू सिंह, पत्रकार अजित कुमार, असगर हुसैन, सुरेंद्र कुमार सिंह राणा, रणजीत शिक्षक चंदन कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बहू से विवाद के बाद महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव में बहू से घास काटने को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान 55 वर्षीय लालो देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह बहू से विवाद होने के बाद वह घर से निकल गईं और हरिहरगंज से जहरीला पदार्थ खरीदकर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे उसका सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## पेज एक के शेष

### झारखंड प्रकृति का...

सीएम सोरेन ने अपने अनुभव साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, आज रांची शहर से कुछ ही दूरी पर स्थित जोन्हा फॉल की हरी-भरी वादियों के बीच कुछ पल बिताने का अवसर मिला। इस बीच वहां फलों का भी आनंद लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत भी हुई।

उन्होंने आगे लिखा, बहती निर्मल जलधारा, घने जंगलों की हरियाली और पहाड़ों का शांत सौंदर्य बार-बार यह एहसास कराता है कि झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। यह हमारी साझी धरोहर है, जिसे सहेजना और संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लिखा, झारखंड के किसी भी हिस्से में जाएं, प्रकृति अपने अलग-अलग रंगों में आपका स्वागत करती दिखाई देगी। झारखंड की इस अनुपम धरती पर सभी सैलानियों का हार्दिक स्वागत है, जोहार।

हेमंत सोरेन का यह अंदाज नया नहीं है। वे पहले भी कई मौकों पर खुद कार चलाकर विभिन्न स्थानों का दौरा करते और रास्ते में आम लोगों से सहजता से मिलते-जुलते नजर आए हैं।

### रिम्स की जमीन...

बहुमंजिला अपार्टमेंट और मकानों का निर्माण किए जाने के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायालय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर निर्मित अवैध निर्माणों को ध्वस्त कराया था। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी कि इतने बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं प्रतीत होता। इसके बाद न्यायालय ने पूरे मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को सौंपने का निर्देश दिया था।

जांच के क्रम में एसीबी ने अंचल कार्यालय के तत्कालीन अधिकारियों, बिल्डरों और कथित बिचौलियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच में यह भी सामने आया कि अवैध निर्माण कार्यों पर लगभग 14 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। आरोप है कि सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री के लिए फर्जी दस्तावेज और जाली वंशावली का उपयोग किया गया।

एसीबी के अनुसार, मामले के एक अन्य आरोपी प्रमोद महतो की तलाश जारी है। उसके विरुद्ध अदालत से गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। जांच एजेंसी का कहना है कि पूरे मामले में शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### कुख्यात सुजीत सिन्हा...

प्रतिबंधित सामग्री मिलने के बाद जेल प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सदर थाना प्रभारी हीरा लाल महतो के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि प्रतिबंधित सामान जेल तक कैसे पहुंचा, इसे अंदर ले जाने में किसी की भूमिका तो नहीं थी और इसका इस्तेमाल किन उद्देश्यों के लिए किया जाना था।

रविवार को सदर थाना प्रभारी हीरा लाल महतो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रिया सिन्हा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जेल में प्रवेश से पहले मुख्यालय डीएसपी पूजा कुमारी और महिला थाना प्रभारी शीला मिंज के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली थी। इस दौरान रिया की पैंट की जेब से अवैध रूप से छुपाया गया मोबाइल सिम कार्ड, चार्जर और अंग्रेजी में लिखे तीन पन्ने बरामद हुए। उसके विरुद्ध धारा 223/111/49/61 बीएनएस और धारा 42 कारा अधिनियम 1894 के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, रिया सिन्हा के खिलाफ रंगदारी सहित 14 आपराधिक मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं। वहीं, उसका पति सुजीत कुमार सिन्हा झारखंड का कुख्यात माफिया माना जाता है, जिस पर संगठित अपराध गिरोह संचालित करने के आरोप हैं।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि सुजीत कुमार सिन्हा और रिया सिन्हा जेल में रहते हुए भी अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से रंगदारी, लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट से जुड़े अपराधों का संचालन कराते रहे हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों लंबे समय से जेल के भीतर से संगठित अपराध के जरिए अवैध गतिविधियों को संचालित करते रहे हैं।

फिलहाल पुलिस ने बरामद मोबाइल फोन, सिम कार्ड, चार्जर और कॉपी को जब्त कर तकनीकी एवं फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि मोबाइल के माध्यम से किन लोगों से संपर्क किया गया, इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है और जेल के भीतर से अपराध संचालन के आरोपों में कितनी सच्चाई है। पुलिस का कहना है कि जांच में नए तथ्य सामने आने पर इस मामले में अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### रांची समेत राज्य...

सतर्क रहने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने तथा आकाशीय बिजली के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 54 मिलीमीटर वर्षा देवघर जिले के सिकटिया में दर्ज की गई। वहीं, राज्य का सर्वाधिक तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम में 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

रविवार को सुबह से रांची और आसपास के क्षेत्रों में मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए और कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम 40.7 डिग्री और न्यूनतम 27.8 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 37.6 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 35.8 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक झारखंड में मानसून की गतिविधियां बनी रहेंगी और राज्य के अधिसंख्य जिलों में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है।

### ईडी ने पूर्व...

जांच एजेंसी को छापेमारी और दस्तावेजों की जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली थीं।

ईडी की जांच में यह भी सामने आया था कि रोहित उरांव की ओर से शराब के व्यापार के लिए एक एकरारनामा किया गया था। हालांकि, जांच एजेंसी के अनुसार, इस एकरारनामे के बावजूद रोहित उरांव ने शराब के कारोबार में वास्तविक रूप से प्रवेश नहीं किया था।

जांच एजेंसी यह भी पड़ताल कर रही है कि वर्ष 2022 की नई उत्पाद नीति लागू होने से पहले राज्य में शराब के थोक कारोबार में योगेंद्र तिवारी से जुड़ी कंपनियों की क्या भूमिका थी। ईडी के अनुसार, उस समय झारखंड के अधिसंख्य जिलों में योगेंद्र तिवारी से संबंधित कंपनियों के पास शराब के थोक व्यापार के लाइसेंस थे।

ईडी अब पूछताछ के दौरान उपलब्ध दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास करेगी। मामले में जांच अभी जारी है और एजेंसी ने आगे भी आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

### स्वास्थ्यकर्मियों के प्रयास...

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाने में स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने सदर अस्पताल में लगातार बेहतर हो रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज यहां सभी वर्गों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने अस्पताल को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सभी के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि वर्ष 1995 से देशभर में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष झारखंड में लगभग 61 लाख से अधिक बच्चों को 24,507 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 28 जून को बूथ दिवस के रूप में अभियान चलाया जा रहा है, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी विशेष टीमें तैनात की गई हैं।

राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान पूरे देश में एक साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों में अब भी पोलियो के मामले मिलने के कारण सतर्कता और नियमित टीकाकरण आज भी उतना ही आवश्यक है जितना पहले था।

कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, स्वास्थ्यकर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे 28 से 30 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान अपने शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को और मजबूत बनाएं।

### ट्रेन में यात्रियों...

जानकारी के अनुसार, जीआरपी को सूचना मिली थी कि ट्रेन के एक कोच में युवक नशे की हालत में हथियार लेकर घूम रहा है और यात्रियों को डरा-धमका रहा है। सूचना के बाद ट्रेन के कोडरमा स्टेशन पहुंचते ही जीआरपी के सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह और शैलेश कुमार ने संबंधित बोगी में पहुंचकर युवक की पहचान की।

पुलिस के अनुसार, वह कमर में पिस्टल खोंसे कोच में घूम रहा था और यात्रियों से अभद्र व्यवहार कर रहा था। पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने युवक को ट्रेन से उतारकर हिरासत में ले लिया। तलाशी में उसके कब्जे से एक पिस्टल, मैगजीन में लोड छह कारतूस और एक पाउच में रखे 18 अतिरिक्त कारतूस बरामद हुए।

आरोपी ने पूछताछ में अपनी पहचान 32 वर्षीय दिवाकर सिंह के रूप में बताई। वह उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के रायपुर गांव का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि वह प्रयागराज से रांची जा रहा था और निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्य करता है।

जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), रेलवे अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी के पास हथियार का वैध लाइसेंस था या नहीं और ट्रेन में हथियार के साथ यात्रियों को धमकाने की घटना के पीछे क्या कारण था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC



Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodonist, MIDA

"Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facliities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
- स्माईल डिज़ाइन
- इनविज़िवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दांत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No : 9199533383/7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


**पुरवाई -2026, जफराबाद-जौनपुर प्रस्ताव**

# क्या बदलेगा जौनपुर व जफराबाद का इतिहास?

### राजा हरिश्चंद्र व नाग राज आर्यक के किलों को संजोने की बड़ी तैयारी!

**देश की रक्षा के लिए लड़नेवाले वज्र सैनिकों की कुमुक यहीं से रवाना होती थी**

**आस्तिक मुनि का जन्म यहीं हुआ था, जिनकी थाती है श्वेताश्वतर उपनिषद**

- ओमप्रकाश

**मुंबई।** पूर्वांचल और देश के दूसरे प्रवास और प्रव्रजन प्रभावित इलाकों के आर्थिक-औद्योगिक व सांस्कृतिक विकास के लिए काम कर रही संस्था पूर्वांचल विकास प्रतिष्ठान द्वारा साहित्य, संस्कृति और समाज के सृजन पर्व पुरवाई-2026 की विचार सभा यह प्रस्ताव करती है कि,

**1.** जौनपुर जिले के ज़फराबाद स्थित मनहेच किला और मछलीशहर स्थित सगरेकोट पुरातत्व संरक्षित क्षेत्र हैं। इन दोनों ही स्थानों का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। मनहेच के राजा हरिश्चंद्र और सगरेकोट के नाग राज आर्यक और नाग माता जरत्कारु से जुड़े होने के संकेत हैं। परवर्ती काल में मनहेच किले के स्थान पर बड़ा बौद्ध विश्वविद्यालय और बाद में वहां काशी विश्वेश्वर का रक्षक दुर्ग स्थापित किया गया। पुरातत्व विभाग के संरक्षण में होने के बावजूद मनहेच और सगरेकोट की भूमि पर बहुत तेजी से अतिक्रमण हुआ है। और स्थिति यही रही तो अगले चार-पांच साल में ये दोनों स्थान पूरी तरह से विनष्ट हो जायेंगे। हम केंद्र और राज्य सरकार से अनुरोध करते हैं कि इन दोनों स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराके उनकी भूमि की सुरक्षा और संरक्षा के समुचित प्रबंध किये जाएं। मनहेच और सगरेकोट दोनों भारत के अन्तर्कोट थे। दिल के हिस्से। वे असनि दुर्ग थे। पश्चिमी सीमा प्रांत पर जब उत्तर से हमले होते थे, तब देश की रक्षा के लिए लड़नेवाले वज्र सैनिकों की कुमुक यहीं से रवाना होती थी। अवध से लेकर भागलपुर तक के वीर यहां इकट्ठे होते थे। सगरेकोट में तो संभवत: नागवंश को बचानेवाले आस्तिक मुनि का जन्म हुआ। श्वेताश्वतर उपनिषद जिनकी थाती है। हम इन दोनों स्थानों के समुचित विकास की भी मांग करते हैं।

**2.** जमैथा और मादरडीह दोनों इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। दोनों का नागवंश से गहरा जुड़ाव रहा है। मादरडीह का थोड़ा सा उत्खनन हुआ है। लेकिन जमैथा अछूता पड़ा है। इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से इन दोनों स्थानों के व्यापक अध्ययन की जरूरत है। जमैथा को केंद्र बना कर एक बड़े व्यापक नाग परिपथ की भी कल्पना की जा सकती है। जिसका फोनेसिआ तक विस्तार होगा। इससे हमारी मध्यवर्ग की कई जातियों का बड़ा सामाजिक उन्नयन होगा, और दुनिया के कई देशों से हमारे सांस्कृतिक सम्बन्ध भी फिर से पारिभाषित होंगे। हम केंद्र और राज्य सरकार से इस दिशा में काम करने की अपील करते हैं।

**3.** मध्यकाल के तुगलक और शर्की सल्तनत के शासन के दौरान इन दोनों नगरों को पूरी तरह से ध्वस्त करके उन्हें नया नाम और नया रंग-रूप दे दिया गया था। वही नाम और रंग-रूप अभी भी चला आ रहा है। इन नगरों के पुराने नाम और रूप को जान कर उन्हें फिर से स्थापित करने की जरूरत है। हम ज़फराबाद का नाम हरिश्चन्द्र पुरी या विद्या भूमि और जौनपुर का नाम अयुतायु नगर या ऋतुपर्ण किये जाने का सुझाव देते हैं। पुराने ज़फराबाद का जिस तरह से राजा हरिश्चंद्र और दस महाविद्याओं की आराधना करनेवाली रानी तारामती से जुड़ाव था, उसी तरह इक्ष्वाकु नरेश अयुतायु और ऋतुपर्ण का पुराने जौनपुर से जुड़ाव था। हम जल्द ही बख्शा, राजेपुर, सिरकोनी, मल्हनी, मड़ियाहूं, केराकत, किलकिछा आदि स्थानों की भी मूल पहचान करके राज्य सरकार को एक पूरी सांस्कृतिक परिधि के पुनरुत्थान की प्रस्तावना देंगे।

**4.** अटाला मस्जिद संबंधी विवाद भी अनावश्यक रूप से बरसों से उलझा पड़ा है। ऐसे प्रकरण यथाशीघ्र हल न होने से सामाजिक दुराव भी बढ़ते हैं, और विवादित स्थान का समुचित सांस्कृतिक उपयोग भी नहीं हो पाता। यह सभा राज्य सरकार से अटाला मस्जिद का सर्वे कराकर सत्य, न्याय और सौजन्य पर आधारित समाधान निकालने की मांग करती है। यह काम विशुद्ध पंचायती पहल से भी संभव हो सकता है। अलगू चौधरी और जुम्मन शेख की कहानी इसी देश में लिखी गयी। राज्य सरकार चाहे तो हम ऐसी किसी पहल के लिए जरूरी जमीन और संवाद बनाने का प्रयत्न कर सकते हैं।

# भारत व सेशेल्स पुराने मित्र, हिंद महासागर हमारी साझी विरासत : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**विक्टोरिया (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स की नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि हिंद महासागर भारत और सेशेल्स के बीच दूरी नहीं, बल्कि जुड़ाव का माध्यम है। यही कारण है कि दोनों देश एक-दूसरे से अजनबियों की तरह नहीं, बल्कि पुराने मित्रों की तरह मिलते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल 50 वर्ष पहले राजनयिक रिश्ते स्थापित होने से शुरू नहीं हुए थे। उन्होंने बताया कि अगस्त 1770 में जब 'टेलीमैक' नामक जहाज से पांच भारतीय सेंट ऐनी द्वीप पहुंचे थे, तभी दोनों देशों के रिश्तों की नींव पड़ गई थी। समय के साथ इन लोगों ने सेशेल्स के आधुनिक इतिहास और समाज का हिस्सा बनकर दोनों देशों के संबंधों को मजबूत किया। उन्होंने कहा, "हमारे रिश्ते केवल सरकारों ने नहीं बनाए, बल्कि लोगों, परिवारों और पीढ़ियों ने इन्हें मजबूत किया है। हिंद महासागर ने इस संबंध को संभव बनाया। यह महासागर भारत और सेशेल्स को अलग नहीं करता, बल्कि जोड़ता है।"

प्रधानमंत्री ने सेशेल्स की सांस्कृतिक विविधता की सराहना करते हुए कहा कि यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों को साथ लेकर एक साझा सेशेल्सी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि यही विविधता इस देश की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी और वहां की जनता का उन्हें 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान से सम्मानित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले सभी लोगों को प्रेरित करेगा।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद हिंद महासागर क्षेत्र में उनकी पहली विदेश यात्रा सेशेल्स की ही थी। उन्होंने कहा कि उस समय भी उनका विश्वास था कि हिंद महासागर क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति में सेशेल्स का विशेष स्थान है और एक दशक बाद यह विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

### सेशेल्स को 175 मिलि. डॉलर का विशेष पैकेज देने की घोषणा, पैट्रिक हर्मिनी ने जताया आभार



सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने रविवार को कहा कि हिंद महासागर में सुरक्षा उनके देश और भारत के बीच संबंधों के लिए जरूरी है। उन्होंने घोषणा की कि दोनों देशों ने पाइरेसी, ड्रग ट्रैफिकिंग, गैर-कानूनी मछली पकड़ने और बॉर्डर पार क्राइम से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत बहुत व्यापक और भविष्य को ध्यान में रखने वाली थी। राष्ट्रपति हर्मिनी ने कहा कि भारत और सेशेल्स ने एक बार फिर इस बात को दोहराया है कि दोनों देशों की साझेदारी समान भौगोलिक स्थिति, इतिहास और एक स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच "सस्टेनेबिलिटी, आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए संयुक्त विजन" को लागू करने पर विशेष चर्चा हुई, जिसे सेशेल्स ने इस साल पहले अपनाया था। उन्होंने भारत के लगातार समर्थन के लिए आभार जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों ने कई समझौते किए हैं, जिनसे विदेश सेवा, डिजिटल बैंकिंग, स्वास्थ्य, कृषि, समुद्र विज्ञान, प्रत्यर्पण, अंतरिक्ष अनुसंधान और नए राष्ट्रीय अस्पताल के निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा। सेशेल्स ने भारत द्वारा दिए गए समर्थन, जैसे समुद्री निगरानी, हाइड्रोग्राफी और रक्षा क्षमता बढ़ाने की सराहना की। राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने बताया कि भारत ने सेशेल्स को 175 मिलियन डॉलर का विशेष आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है, जिसमें सामाजिक आवास, परिवहन, कौशल विकास, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े प्रोजेक्ट शामिल हैं। डॉ. हर्मिनी ने विकास साझेदारी को भारत-सेशेल्स संबंधों का मजबूत स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि समुद्री पड़ोसियों के तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा हमारे संबंधों के लिए जरूरी है। उन्होंने भारत के सहयोग का आभार जताया।

### सेशेल्स ने पीएम मोदी को 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' की उपाधि प्रदान की



पीएम मोदी को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में नेतृत्व के लिए सेशेल्स की ओर से देश का सर्वोच्च सम्मान 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' प्रदान किया गया है। रविवार को राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने उन्हें ये सम्मान दिया। 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान प्रधानमंत्री मोदी की लंबे समय से जारी उस नीति और दृष्टिकोण को मान्यता देता है, जिसमें सतत विकास, हरित विकास और पर्यावरण-अनुकूल नीतियों पर जोर दिया गया है। यह उपाधि उन कई वैश्विक मान्यताओं में नवीनतम है, जो प्रधानमंत्री मोदी को जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए मिल चुकी हैं। पिछले महीने मई 2026 में, संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने उन्हें कृषि क्षेत्र को मजबूत करने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और सतत कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकोला मेडल प्रदान किया था। वर्ष 2018 में उन्हें सोल पीस प्राइज से सम्मानित किया गया था, जो वैश्विक सहयोग, समावेशी विकास और सतत आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। इसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने भी उन्हें प्रतिष्ठित चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड प्रदान किया था, जो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सर्वोच्च वैश्विक सम्मान माना जाता है। सेशेल्स द्वारा दिया गया यह नया सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के वैश्विक पर्यावरणीय नेतृत्व और "ग्रीन विज़न" को और अधिक मजबूत मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

### फ्रांस में पैराशूट प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, 11 की मौत

**पेरिस (आईएएनएस)।** फ्रांस के उत्तर-पूर्वी शहर टॉम्बलेन में रविवार को एक नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 11 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। वहीं सऊदी अरब में भी एक हेलिकॉप्टर हादसे की खबर है। इसमें 14 लोगों की मौत हो गई है। टॉम्बलेन हादसे की बात करें तो अधिकारियों के अनुसार,विमान के पायलट सहित 10 यात्रियों की जान चली गई। मृतकों में पांच छात्र और पांच प्रशिक्षक शामिल हैं। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, यह विमान एक पैराशूट प्रशिक्षण स्कूल का था। यह हादसा रविवार सुबह करीब 11 बजे उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद नैंसी-एसी हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने लोगों से म्यूरथ-ए-मोसेल विभाग स्थित हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि गृह मंत्री घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# ट्रंप (+नेतन्याहू) के घमंड और युद्ध ने पूरी दुनिया के ₹290 लाख करोड़ का किया स्वाहा

**कागजी युद्धविराम का छीछालेदर, होर्मुज पर संकट : भारत के ₹1.5 लाख करोड़ दांव पर !**

- **मेडल की चमक और बारूद का धुआं : इजरायली सम्मान के बाद भारत पर टूटा खाड़ी संकट का सबसे बड़ा आर्थिक वज्रपात!**

-कुशाल जीना

**नई दिल्ली।** दुनिया के नक्शे पर जब भी बारूद फटता है, उसकी सबसे पहली और गहरी चोट आम इंसान की जेब और देशों की अर्थव्यवस्था पर लगती है। विश्व के महाघमंडी दो देशों तानाशाहों , अमेरिका( +इजरायल) ने मिलकर ईरान पर जो हमला किया , इस युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को उस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां से वापसी का रास्ता केवल भयंकर वैश्विक मंदी की ओर जाता है। वैश्विक आर्थिक मंचों (IEP 2026 रिपोर्ट) के अनुसार, यदि यह युद्धविराम पूरी तरह विफल होकर पूर्ण युद्ध में बदलता है, तो बहुत ज्यादा नुकसान होगा। अभी तक ही पूरी दुनिया को कुल मिलाकर $3.5 ट्रिलियन यानी भारतीय रुपयों में लगभग 290 लाख करोड़ का सीधा नुकसान होने की बात कही जा रही है। वर्तमान में चल रहे 'सामरिक ठहराव' के टूटने और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी से रोजाना अरबों डॉलर पानी में बह रहे हैं। इस आर्थिक सुनामी का सबसे हैरान करने वाला पहलू इसका टाइमिंग है। युद्ध की इस ताजा मिसाइल बाजी से ठीक दो दिन पहले, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के विशेष निमंत्रण पर वहां द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सर्वोच्च सम्मान लेने पहुंचे थे। लेकिन इस रणनीतिक दोस्ती की कूटनीतिक चमक अभी भारत महसूस करता, उसके पहले ही खाड़ी क्षेत्र में होर्मुज की नाकेबंदी, फिर थोड़ी राहत, फिर नाके बंदी ने भारत के सामने अब तक का सबसे बड़ा आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है।



**महा नुकसान का डेटा चार्ट –**

(नोट : वैश्विक संस्थाओं के डॉलर आंकड़ों को 84 प्रति डॉलर की दर से भारतीय रुपयों में बदला गया है)

| देश / क्षेत्र | अब तक का वास्तविक और बुनियादी नुकसान (भारतीय रुपयों में) | भविष्य में होने वाले नुकसान की आशंका (यदि युद्ध दोबारा भड़का) |
|---|---|---|
| ईरान (मुख्य रणभूमि) | **₹22 लाख करोड़ से ₹30 लाख करोड़** का इंफ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त। तेल निर्यात ठप होने से जीडीपी में 15% की ऐतिहासिक गिरावट आ चुकी है। | पूर्ण युद्ध की स्थिति में जीडीपी **25% तक सिकुड़ जाएगी** और नुकसान **₹37 लाख करोड़** के पार जाएगा। 20 लाख नौकरियां खत्म होने की कगार पर हैं। |
| अमेरिका | खाड़ी में प्रतिदिन सैन्य अभियानों पर ₹16,000 **करोड़ से ज्यादा** का खर्च। वाशिंगटन और वैश्विक शेयर बाजारों के डूबने से निवेशकों के खरबों रुपये स्वाहा। | नए मोर्चे खुलने से अमेरिकी रक्षा बजट पर ₹15 **लाख करोड़ से अधिक** का अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ने की आशंका है। |
| इजरायल | **₹1.2 लाख करोड़ से ₹5 लाख करोड़** का नुकसान (पर्यटन, टेक निवेश पूरी तरह ठप)। लेबनान मोर्चे पर रोजाना अरबों का बारूद स्वाहा। | युद्ध लंबा खींचने पर आंतरिक आर्थिक ढांचा पूरी तरह चरमरा जाएगा और देश तकनीकी मंदी के दलदल में धंस जाएगा। |
| खाड़ी देश (सऊदी, कतर, UAE) | कतर को ₹5 **लाख करोड़** और सऊदी अरब को ₹14.5 **लाख करोड़** की आर्थिक चोट। होर्मुज में ₹10.5 **लाख करोड़ के मालवाहक जहाज** फंसे हैं। | पूर्ण नाकेबंदी जारी रही तो सऊदी की जीडीपी 6% और कतर की जीडीपी 15% तक गिर जाएगी, जिससे अरबों डॉलर का बिजनेस साफ हो जाएगा। |
| भारत (India) | तेल की कीमतों में आए उछाल और डॉलर के मुकाबले रुपये के टूटने से अब तक ₹1.5 **लाख करोड़ से अधिक** का अतिरिक्त आयात बिल बढ़ा। | **आने वाला संकट:** खाड़ी में रह रहे लाखों भारतीयों के रोजगार पर लात पड़ेगी, जिससे सालाना आने वाला ₹7.3 **लाख करोड़ का रेमिटेंस (विदेशी धन)** रुक जाएगा। देश में महंगाई 8% के पार जा सकती है। |

**कड़वी हकीकत**

ग्लोबल थिंक टैंक्स (जैसे इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस - IEP व वर्ल्ड बैंक) तथा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के ताजा आंकड़ों व वैश्विक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप की "पहले मिसाइल दागो, फिर बात करो" वाली नीति से भले ही अमेरिका को अपनी धाक बचाने का झूठा संतोष मिल जाए, लेकिन इसकी असली कीमत भारत जैसे विकासशील देशों को चुकानी पड़ रही है। कच्चा तेल $120 प्रति बैरल के स्तर को छू चुका है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का 20% तेल और गैस गुजरता है। इसकी पूर्ण नाकेबंदी का मतलब है—दुनिया भर में फैक्ट्रियों का चक्का जाम होना और माल ढुलाई महंगी होना। कूटनीति की मेजें अब सूनी हैं, और यह साफ हो चुका है कि यह तथाकथित युद्धविराम कोई परमानेंट शांति नहीं, बल्कि केवल दो हफ्तों का एक 'सामरिक ठहराव' था, अब फिर वही मिटा देने की धमकी, जिसकी कीमत अब पूरी मानव सभ्यता अपनी जेब से चुका रही है।